17- APR- BSP- P-1 Jacket_Layout 1 4/17/2025 11:09 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



## खबर संक्षेप

### सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला



**बिलासपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार- प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तर पर प्रार्थना सभा भवन में संभागायुक्त कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर संभाग एवं नवगठित जिला शक्ति और सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जन सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी शामिल हुए। इसमें कमिश्नर महादेव कावरे ने कहा कि आपके मन में जो भी प्रश्न है उन सब का जवाब इस कार्यशाला में मिलेगा। मास्टर ट्रेनर गीता दीवान एवं अतुल वर्मा ने ऑन लाइन आवेदन से संबंधित प्रक्रिया और उसके निराकरण की जानकारी दी। अतुल वर्मा व हाउसिंग बोर्ड के एडिशनल कमिश्नर अजीत पटेल, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अरुण कुमार साय, राज्य सूचना आयोग से प्रदीप गौर उपस्थित थे। कार्यशाला में डॉ.स्मृति तिवारी, उपायुक्त (वि.) संतोष सिंह ठाकुर, मूलधर प्रसाद जायसवाल आदि मौजूद थे।

### भारत के संविधान में बने चित्र सामाजिक समरसता का देते हैं संदेश : भाला



**बिलासपुर।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान में चित्र एवं सामाजिक समरसता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता नई दिल्ली के लक्ष्मी नारायण भाला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई ने की। मुख्य अतिथि श्री भाला ने अपने व्याख्यान में कहा भारत के संविधान में बने चित्र सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में संविधान की रचना का कार्य वी एन राव को सौंपा गया था। किंतु समय के साथ इसमें बदलाव होता गया। 29 अगस्त 1947 को संविधान की रचना के लिए प्रारूप समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। कुलपति वाजपेई ने ने कहा कि हमें इतिहास के बारे में जानने की आवश्यकता है। आभार प्रदर्शन रामेश्वर राठौर ने किया। इस अवसर पर कुल सचिव शैलेंद्र दुबे, डॉ तरुण धर दीवान, डा मनोज सिन्हा, एच एस होता, अलेक्जेंडर कुजूर , नेहा राठिया और डा .के के शर्मा, धनीराम, रामनारायण आदि मौजूद थे।

### बिलासपुर की संरक्षा चेक करने पहुंचे रेलवे बोर्ड ईडी



**बिलासपुर।** गुरुवार की दोपहर रेलवे बोर्ड सेफ्टी के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पहुंचकर उन्होंने स्टेशन प्रबंधक और कामर्शियल स्टाफ सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ पूरे प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने रेल लाइन के साथ ओएचई और अन्य उपकरणों को भी चेक करने के साथ अफसरों से संरक्षा के संबंध में चर्चा की। ईडी रेलवे बोर्ड तारबाहर रेलवे क्रासिंग के पास बने आरआरआई केबिन में पहुंचे। आरआरआई केबिन में हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन के अलावा कोचिंग डिपो से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों के साथ उसलापुर से कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ी और मालगाड़ियों की निगरानी की जाती है। आरआरआई केबिन पहुंचकर उन्होंने कर्मचारियों से ट्रेनों के परिचालन के संबंध में जानकारी ली।



कोनी रोड बिलासा ताल के पास सड़क किनारे खाली पड़ी सरकारी जमीन पर व्यापारियों द्वारा किया जा रहा कब्जा।

## सड़कों पर अवैध कब्जा

**बिलासपुर।** कोनी सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जों की दुकान धड़ल्ले से बन रही है। बिना रोक टोक और राजनैतिक संरक्षण की आड में गुमटी और दुकानें खुल रही हैं, जिस पर रोक नहीं लगाई जा रही है। कृषि महाविद्यालय से सरकंडा थाने तक मुख्य सड़क के दोनों किनारों में एक फीट जमीन नहीं बची है, सड़क के दोनों किनारों पर अवैध कब्जाधारियों की बाढ़ आ गई है। यह कई सालों से बदस्तूर जारी है, इसका नतीजा है कि अब महज टिन टपरी की गुमटियां ईंट के जोड़ के साथ दुकान में बदल रही है। फोटोकॉपी, गैरेज, स्टेशनरी, होटल सहित सैकड़ों दुकानें खुल चुकी है, लेकिन अवैध कब्जे को रोकने में नगर निगम के अधिकारी फेल हो रहे हैं। खास बात यह है कि सबसे पहले जगह का चयन कर दो चार ईटों से चबूतरा बनाया जाता है और महीने दर महीने गुमटी से दुकान बना दिया जाता है। वहीं क्षेत्र के नेताओं के संरक्षण में यह दुकानें लगातार चल भी रही हैं। जहां एक ओर शहर के कुछ इलाकों में इन दिनों अवैध कब्जों को ढहाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों ने अभियान चलाया है, वहीं कोनी क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही निगम की जेसीबी रूक जा रही है। जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसी तरह अरपा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत दोमुंहानी से लेकर लमेर गांव तक नदी के दोनों ओर 200-200 मीटर का एरिया प्राधिकरण के अंतर्गत आता है। किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होती है लेकिन इसके बावजूद कोनी क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध निर्माण जारी है। जिससे प्राधिकरण के नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं।

### पौधे और फेंसिंग दोनों हो गए पार, जमीन दिखती है सपाट

# 80 लाख में बने म्यूजियम से बैम्बू गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मोपका में 80 लाख रुपए खर्च कर विकसित किए गए बैम्बू म्यूजियम की हालत खराब हो गई है। यहां न तो बैम्बू है और न ही किसी तरह का म्यूजियम दिखाई देता है। बैम्बू म्यूजियम में करोड़ों रुपए के बांस के साथ सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग भी गायब हो गई, जहां अब जमीन पूरी तरह से सपाट नजर आती है।

हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत मोपका में विकसित किए गए बिलासपुर का पहला बैंबू म्यूजियम देखरेख के अभाव में पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। इस म्यूजियम को जिस उद्देश्य से बनाया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो सका। मनरेगा के तहत बनाए गए बैम्बू म्यूजियम को वर्ष 2015 में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत 26 एकड़ में 80 लाख रुपए खर्च कर तैयार किया गया था। इसके तहत यहां बांस की 30 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिसमें कोलकाता और असम की बांस प्रजातियां भी शामिल की गई। बांस का यह म्यूजियम जिले के पहले म्यूजियम के रूप में स्थापित हुआ। इस म्यूजियम का उद्देश्य लोगों को बांस के अलग-अलग प्रजातियों के संबंध में रूबरू कराना और म्यूजियम में लोगों को रोजगार देना व इसे संरक्षित करना था। इस प्रोजेक्ट को पांच साल तक के लिए रखा गया था। वर्ष 2020-21 में इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई। वर्ष 2015 से लेकर 2020 तक बैम्बू म्यूजियम की देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग ने निभाई। म्यूजियम बनाने के बाद लाखों रुपए के फेंसिंग और सीमेट के पोल लगाए गए। वर्ष 2020-21 में पांच वर्ष तक जिम्मेदारी निभाने के बाद वन विभाग ने बैम्बू म्यूजियम को भगवान भरोसे छोड़ दिया।



मोपका क्षेत्र में लगाए गए बैम्बू म्यूजियम देखरेख के अभाव में नष्ट हो रहे।

#### बन गया शराबियों का अड्डा

बैम्बू म्यूजियम को मोपका में बनाने के पांच साल तक वन विभाग ने इसकी देखभाल की। बांस के पौधों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से चौकीदार भी रखे गए थे। पांच साल होने के बाद वन विभाग बिलासपुर ने बैम्बू म्यूजियम की ओर देखना छोड़ दिया। वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के बीच पांच सालों में लाखों की लागत से तैयार किए गए बैम्बू म्यूजियम का हाल ऐसा हो गया है, कि चारों ओर लगे फेंसिंग के साथ बांस के पेड़, लगाए गए बोर्ड को भी उखाड़कर असामाजिक तत्वों ने पार कर दिया। शाम के साथ दोपहर में भी म्यूजियम अब दारू का अड्डा बन चुका है, जिसे देखने के लिए कोई भी विभाग के अधिकारी और स्टाफ मौके तक नहीं जाते हैं।

#### इन प्रजातियों के लगे थे बांस

जानकारी के अनुसार बैम्बू म्यूजियम में लगाए गए बांस की विभिन्न प्रजातियां लगाई गई थी। इसमें नाइजेसिया के 10, गोल्डन बैंबू के 50, न्यूटान्स के 10, बाटल बैंबू के 50, दुल्हा के 10, लोटा के 10, वैरिटगेटेड के 45, ग्रास टाइप के 50, रोपा के 60, बैंबूसा बानकुआ के 60 और बेलगेरिस के 50 प्रजातियों के बांस के पौधे लगाए गए थे।

#### 5 साल का होता है प्रोजेक्ट

बैम्बू म्यूजियम नहीं बैम्बू सिटम कहा जाता है, जहां बांस की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। इस योजना को 10 साल से अधिक हो गए हैं और पांच साल के बाद प्रोजेक्ट समाप्त हो जाता है। वर्तमान में यह 6 साल हो गया है। इसका कारण है कि चौकीदार को देने के लिए राशि भी मिलनी बंद हो जाती है, जिसकी वजह से वहां की सुरक्षा नहीं हो पाती। फिर भी बैम्बू म्यूजियम के वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-सत्यदेव शर्मा
डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

## एजुकेशन प्लस

### विषय विशेषज्ञों ने बीपीएस के बच्चों को दिया करियर मार्गदर्शन




**बिलासपुर।** ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई में युवा विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय करियर कॉन्क्लेव –2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता और उप–प्राचार्या रोजमेरी लक्ष्मण के साथ कई विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीयू के उप पंजीयक सूरज मेहर के वक्तव्य के साथ हुई। इस अवसर पर सुश्री शिवानीधामा, हन्ज़ला अली, जितेन्द्र मटवानी, सुश्री चान्दनी नागदेव, सुश्री तनिष्कारंगारी, सौगत धर के साथ–साथ विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी दुष्यन्त तिवारी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की योग्यतानुसार करियर की संभावनाओं को सहज और सरल रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उचित संकाय विषय चुनने की रणनीतियों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी सत्र में तत्परता से भाग लिया। साथ ही कक्षा–बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने शोध और पथ संभावनाओं को अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा किया। अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रुति देशपाण्डे आदि का सहयोग रहा।

### एलसीआईटी में ड्रोन टेक्नोलॉजी कार्यशाला का सफल आयोजन




**बिलासपुर।** एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा 12 से 15 अप्रैल तक चार दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला जिसका विषय ड्रोन टेक्नोलॉजी एवं उसके अनुप्रयोग का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि एयू के डॉ.एच.एस.होता थे।

प्रो अभिषेक केशरवानी ने कहा कि इसका उददेश्य छात्रों को ड्रोन टेक्नोलॉजी के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आने वाले समय में विशाल करियर का क्षेत्र बनाना है। कॉलेज के प्राचार्या डॉ.अर्चना शुक्ला ने कहा कि ऐसे तकनीकी कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल कौशल में दक्ष बनाते हैं बल्कि छात्रों को टेक्नोलॉजी की गहराई से समझ मिलती है। प्रतिभागियों को चेयरमैन प्रमोद कुमार जैन, वाइस चेयरमैन अंकित जैन, सचिव उपकार राय, उपप्राचार्य अभिनव पॉल, शुभी श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर डीन उमेश पटनायक, डीन डॉ अरूण वर्मा एवं शिक्षक भारती बर्डे, शिवशंकर गुप्ता, लव विश्वकर्मा, श्रेयांस तिवारी, आदित्य कुशवाहा, प्रियंका कश्यप आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने कहा- अटैच स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल करें रिलीव

**बिलासपुर।** कलेक्टर के आदेश के बावजूद जिले के कई स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी अटैचमेंट में कार्य कर रहे हैं। गुरूवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों को निरीक्षण किया और खामियां पाई। इस दौरान अटैच में चल रहे कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव ने रिलीव करने का आदेश दिया है। इसके बाद भी जमें कर्मचारियों पर सीएमएचओ को वेतन रोकने और निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

स्टाफ की कमी से जूझ रहे दगौरी अस्पताल की अव्यवस्था पर गहरी कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की, यहां के स्टाफ शहरी के अस्पतालों में सेवा दे रहे हैं, जिसके बाद कलेक्टर ने तत्काल अटैचमेंट समाप्त करने का आदेश दिया। इसके बाद बिल्हा तहसील के अमेरी अकबरी और बोदरी तहसील के सिलपहरी में आयोजित राजस्व शिविरों का भी जायजा लिया और सिलपहरी के उप स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचें। दगौरी पीएचसी और सिलपहरी के उप स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान दगौरी अस्पताल में शौचालय की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर बिफरे और जमकर खरीखोटी सुनाई। स्टाफ ने बताया कि हर माह 10 से अधिक प्रसव किया जाता है और रोजाना 80-90 मरीज ओपीडी में आते है, मेडिकल ऑफिसर ने फार्मासिस्ट सहित अन्य स्टाफ की कमी बताई। यहां के फार्मासिस्ट लीलावती मांझी, नेत्र सहायक संगीता गेडाम, पर्यवेक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह शहरी क्षेत्र में संलग्न है, कलेक्टर ने सीएचएचओ को सभी की संलग्नता समाप्त करने के आदेश दिए है।



### विमर्श दैनिक जीवन में योग कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा बिलासपुर द्वारा सिम्स आडिटोरियम में 18 अप्रैल को विमर्श दैनिक जीवन में योग का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव होंगे। मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक विभाग प्रतीक शर्मा करेंगे। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## बिजनेस प्लस

### धीरा इंटरप्राइजेस लांच करेगा स्काईला प्रीमियम प्रोजेक्ट

**बिलासपुर।** अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी धीरा इंटरप्राइजेस ने अपने नवीनतम प्रोजेक्ट स्काईला की घोषणा की है। यह प्रोजेक्ट शहर के प्रमुख स्थान सकरी मुख्य मार्ग जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास स्थित है और 3 बीएचके प्रीमियम अपार्टमेंट्स के रूप में विकसित किया जा रहा है।




स्काईला का भव्य लांच के साथ मंदिर की भी स्थापना कार्य इस इवेंट में 19 और 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जहां आम नागरिक, निवेशक और रियल एस्टेट विशेषज्ञ शामिल होंगे। धीरा इंटरप्राइजेस के प्रवक्ता ने बताया कि स्काईला में 10 से अधिक आधुनिक सुविधाएं, वास्तु अनुसार डिज़ाइन और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर पैनोरमिक व्यू अपार्टमेंट्स उपलब्ध होंगे। प्रोजेक्ट का उद्देश्य एक ऐसा आवासीय अनुभव देना है जो सुविधा, शांति और स्टाइल का संतुलन हो। प्रोजेक्ट की प्रमुख विशेषताओं में प्रीमियम 3 बीएचके अपार्टमेंटस 10 प्लस एक्सक्लूसिव आधुनिक सुविधाएं है। आधुनिक और वास्तुशास्त्र आधारित इंटीरियर,पैनोरमिक व्यू के साथ प्रॉपर वेंटिलेशन सुरक्षित, हरित और शांत वातावरण प्रोजेक्ट की रणनीतिक लोकेशन, बिलासपुर के विकासशील क्षेत्र में होने के कारण यह न केवल एक बेहतर रहने का विकल्प है, बल्कि एक उच्च संभावनाओं वाला निवेश भी है। बुकिंग व जानकारी के लिए 77999-57000 प्रोजेक्ट को छत्तीसगढ़ रेरा से प्रमाणित किया गया है। धीरा ग्रुप बिलासपुर व आसपास के क्षेत्रों में रियल एस्टेट की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध निर्माण के लिए जाना जाता है। 'स्काईला' के माध्यम से समूह एक और नई ऊँचाई को छूने के लिए तैयार है।



हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025



तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 25.7 डिग्री


तापमान बढ़ने के कारण स्टेशन रोड पर पसरा रहा सन्नाटा।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो कांग्रेस भवन का करेगा घेराव आज

**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा 18 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस भवन बिलासपुर का घेराव कर प्रदर्शन करेगी। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग केस में 15 अप्रैल 2025 को पीएमएलए के तहत चार्ज शीट दाखिल किया है, जिसमें आरोपियों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे के नाम शामिल है। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को ईडी ने एक बयान में कहा कि वह नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़ी मनी लांड्रिंग केस की जॉच के दौरान कुर्क 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर 18 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन के सामने घेराव प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर एवं भाजयुमो के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने सभी भाजयुमो कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

### कांग्रेस निकालेगी न्याय यात्रा 24 को

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने 24 अप्रैल की न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक ली। इसमें तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा, रतनपुर,कोटा, मस्तूरी बिलासपुर सहित अलग-अलग क्षेत्रों से तिफरा, सिरगिट्टी, सीपत, रतनपुर, कोटा से ब्लॉक अध्यक्ष, ज़ोन अध्यक्ष, समन्वयक ,कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए। कांग्रेस कमेटी ने अपोलो के पूर्व फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम एवं अपोलो प्रबन्धन पर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। न्याय यात्रा अपोलो के पास से निकल कर नेहरू चौक पहुंचेगी। जहां एक बड़ी आम सभा होगी। बैठक में श्री केशरवानी ने कहा कि बिलासपुर सिम्स के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान कोई है तो वह अपोलो हॉस्पिटल।

### फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश को अवैध करार दिया

**बिलासपुर।** एसईसीएल बिलासपुर द्वारा सत्र 2015 में एक निविदा में निर्माता द्वारा अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र देने के उपरान्त एसईसीएल की तुरन्त आवश्यकता पड़ने पर फर्म द्वारा एक स्थानीय फर्म से उक्त मेक मटैरियल सप्लाई करने पर उसका निरीक्षण कर पेमेन्ट सुरक्षा निधि अमानत राशि का भुगतान कर दिया गया, परन्तु 6 माह व्यतीत होने के पश्चात एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा उक्त फर्म को यह कहकर 3 वर्ष के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया, इसके उपरान्त अन्य 1 करोड़ की निविदा में यह कहकर फर्म को अमान्य कर दिया गया कि उस पर विभाग की इन्क्वारी चल रही है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने एसईसीएल के उक्त आदेश को अवैध करार दिया है।

### 8 फेरे लगाएगी बिलासपुर काचेगुड़ा समर स्पेशल

**बिलासपुर।** ग्रीष्मकालीन छुट्टी को देखते हुए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से काचेगुड़ा के बीच आठ फेरे के लिए समर स्पेशल चलाने का नोटिफिकेशन जारी किया है। सुपरफास्ट ट्रेन बिलासपुर से काचेगुड़ा के लिए 08263 नम्बर के साथ 12, 19, 26 मई एवं 2 जून को प्रति सोमवार को और विपरीत दिशा में काचेगुड़ा से बिलासपुर के लिए 08264 नंबर के साथ 13, 20, 27 मई एवं 3 जून को प्रति मंगलवार को चलाई जाएगी। इस ट्रेन में एक एसी फर्स्ट, एक एसी सेकेंड, दो एसी थ्री, एक एसी कुर्सीयान, 9 स्लीपर, दो एसएलआरडी एवं 6 जनरल कोच सहित 22 कोच उपलब्ध रहेंगे।

# डीवीओआर व नाइट लैंडिंग के लिए निर्माण शुरू, मशीन आने के बाद भी लगेगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में डीवीओआर व नाईट लैंडिंग के लिए सालों से अटका निर्माण कार्य अब शुरू कर दिया गया है। पीडब्ल्यूडी ने हाल ही में काम शुरू कराया है, लेकिन इसके बावजूद जून से पहले निर्माण कार्य खत्म नहीं हो सकेगा। पीडब्ल्यूडी की देरी के चलते निर्माण में देरी हो चुकी है, ऐसे में नाइट लैंडिंग को लेकर संशय की स्थिति है।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद आखिरकार पीडब्ल्यूडी ने बिलासा एयरपोर्ट पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। ठेके के बाद एयरपोर्ट पर जेसीबी की मशीनें चलने लगी हैं, और डीवीओआर स्थापना के लिए कक्ष बनाए जाएंगें। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से निर्माण कार्य व उपकरण खरीदी की जा रही है, लेकिन निर्माण में ही 3 से 4 माह का समय लग सकता है। कुछ मशीनों के अभी विदेश से आने में समय है। जून से पहले निर्माण कार्य पूर्ण होना असंभव है। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जिसके चलते निर्माण कार्य प्रभावित होगा और आगामी अक्टूबर तक काम टाला जा सकता है। वहीं डीवीओआर और नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं होने पर समर शेड्युल की तरह ही अक्टूबर में जारी होने वाले विंटर शेड्यूल में भी नई फ्लाईट का मिलना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में पीडब्ल्यूडी के पास महज 2 माह का समय बचा है, हालांकि कार्य में तेजी लाकर निर्माण पूरा कराया जा सकता है। वहीं विदेशों से मशीन शहर लाने में भी समय लगेगा, ऐसे में नाइट लैंडिंग के लिए हवाई यात्रियों को इंतजार करना पड़ सकता है।

### निर्माण में खर्च डेढ़ करोड़ रूपए

### विदेशों से लाई जा रही है मशीनें




### प्रयास जारी है

कक्षों का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास जारी है, जिसके बाद डीवीओआर लगाया जा सकेगा।

-सीएस विंध्यराज, ईई, पीडब्ल्यूडी

### एएआई को करना होगा निरीक्षण

जानकारों के मुताबिक नाईट लैंडिंग से पहले एयरपोर्ट अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया को एयरपोर्ट पर व्यापक सर्वे करना होगा, इसके लिए राज्य एविएशन की टीम को एएआई में आवेदन करना है, लेकिन अधिकारियों ने इसके लिए पहल नहीं की है। अधिकारी इसी ढर्रे में हैं कि जबतक निर्माण कार्य पूरा होगा तभी आवेदन किया जाएगा, ऐसे में इसमें भी महीने भर का समय लग सकता है। जिससे जल्द से जल्द नाइट लैंडिंग की सुविधा मिलने में देरी होगी।

### क्यों जरूरी है नाइट लैंडिंग और डीवीओआर

डाप्लर वेरी हाई फिक्वेंसी ऑम्नी रेंज यानी डीवीओआर मशीन के बिना रात्रिकालीन सेवा हवाई सुविधा शुरू नहीं कराई जा सकती है। वहीं बोइंग और एयरबस जैसे बड़े एयरक्राप्ट को बिलासा एयरपोर्ट पर उतारने के लिए इस मशीन की जरूरत है। डीवीओआर मशीन द्वारा ही रेडियो नेविगेशन सिस्टम काम करता है और फ्लाईट की स्थिति और दिशा का पता लगाया जा सकता है। खास बात यह है कि पीडब्ल्यूडी के ईएण्डएम विभाग ने इसके लिए टेंडर तक नहीं किया है, जिसके चलते मशीन स्थापित करने में समय लग सकता है।

### ठेका विवाद के चलते आवास निर्माण के लिए यहां केवल फाउंडेशन का काम हो पाया था

# पीएम आवास योजना: 725 मकानों का निर्माण निरस्त, फाउंडेशन के बाद काम बंद

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत तालापारा मिनीमाता तालाब किनारे 725 मकानों का निर्माण कराया जाना था, लेकिन ठेका विवाद के चलते काम में काफी लेटलतीफी हुई और तालाब किनारे से अतिक्रमण भी नहीं हट पाया, इसलिए नगर निगम ने अब यहां आवास निर्माण कार्य निरस्त कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना तहत आवास निर्माण के लिए यहां केवल फाउंडेशन का काम हो पाया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब काफी बड़ा है। तालाब के मेढ़ वाली जमीन पर बेजा कब्जा में कच्चा मकान बनाकर 725 परिवार रह रहे थे। नगर निगम द्वारा इनका सर्वे कराया गया था। इन 725 परिवारों को नगर निगम द्वारा तालाब के पास ही प्रधानमंत्री आवास योजना तहत पक्का मकान बनाकर दिया जाना था।

आवास निर्माण के लिए तालाब की मेढ़ पर जो कच्चे मकान बने थे, उनमें रहने वाले परिवारों को अस्थाई रूप से शिफ्ट करने और अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई तो काफी हंगामा भी हुआ था। धीरे-धीरे तालाब की मेढ़ से 174 परिवारों को दयालबंद मधुबन स्थित आवास में शिफ्ट किया गया और उसके बाद उनके कच्चे मकानों को तोड़ा गया, उसके बाद भी काफी परिवार वहां पर रह गए हैं और उनकी शिफ्टिंग नहीं हो पाई, जिससे जगह भी खाली नहीं हो पाई। इधर आवास के काम में लेटलतीफी होती गई। यहां केवल आवास निर्माण के लिए फाउंडेशन का काम ही हो पाया था, उससे आगे काम नहीं बढ़ पाया था। दूसरी तरफ ठेका कंपनी और नगर निगम के बीच विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय तक पहुंच गया था, इसलिए अब नगर निगम ने मिनीमाता तालाब किनारे बनने वाले आवासों को निरस्त कर दिया है।

### 174 परिवारों को किया गया था शिफ्ट, मिनीमाता तालाब किनारे स्वीकृत किए गए थे मकान


मिनी माता तालाब किनारे डाली गई मकानों की नींव।

### आवास निर्माण की चल रही प्रक्रिया

तालापारा मिनीमाता तालाब किनारे से कुछ परिवारों को दूसरी जगह पर शिफ्टिंग कराया गया था, उसके अलावा भी वहां पर कई परिवार अभी भी है। जगह पूरी तरह खाली नहीं हो पाई थी और ठेका कंपनी फाउंडेशन के बाद से काम बंद कर दिया था, इसलिए वहां आवास निर्माण निरस्त कर दिया गया है, लेकिन वहां पर आवास निर्माण के लिए फिर प्रक्रिया चल रही है। **-एसपी साहू,** आवास शाखा प्रभारी, नगर निगम

### वर्ष 2019 में जारी हुआ था कार्यादेश

इन आवासों के लिए भिलाई के बीएसबीके प्राईवेट लिमिटेड को ठेका मिला है और कार्यादेश वर्ष 2019 में जारी किया गया था। इस कार्यादेश के तहत आवास निर्माण का कार्य 36 माह में पूरा करना था, लेकिन ठेका कंपनी बीएसबीके द्वारा अनुबंध अनुसार आवासों में स्लम के अंतर्गत प्रस्तावित आवासों का कार्य अस्थाई व्यवस्थापन कोविड के कारण नहीं किया जा सका। ठेका कंपनी द्वारा समयावधि में आवास का निर्माण पूरा नहीं किया गया। ठेका कंपनी द्वारा कास्ट बढ़ने पर अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही थी, जिसके कारण काम बंद पड़ा था और मामला न्यायालय तक पहुंच गया था।



### एस्कलेशन व जीएसटी के भुगतान का लफड़ा

आवास निर्माण करने वाली भिलाई की ठेका कंपनी बीएसबीके को नगर निगम सीमा में कई जगहों पर प्रधानमंत्री आवास योजना तहत आवास निर्माण का ठेका मिला था। ठेका कंपनी द्वारा एस्कलेशन एवं जीएसटी के भुगतान के लिए उच्च न्यायालय में मामला लगाया गया था। नगर निगम द्वारा ठेका कंपनी को कुछ भुगतान भी किया जा चुका था। समयावधि में काम नहीं करने पर ठेका कंपनी पर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही थी।

### गलत इलाज से दो मासूम भाइयों की मौत

# 7 माह बाद फर्जी झोलाछाप डाक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गलत इलाज से दो मासूम भाइयों की मौत के 7 माह बाद पुलिस ने फर्जी झोलाछाप डाक्टर को गिरफ्तार कर लिया है।



बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया, ग्राम करवा निवासी जब्बार अली 17 जुलाई 2024 को बीमार होने पर अपने पुत्र इमरान अली 14 साल, इरफान अली 13 को इलाज के लिए टेंगनमाड़ा के झोलाछाप डाक्टर चिंटू गुप्ता के पास लेकर गए। डाक्टर के द्वारा गलत इलाज करने से दोनों भाईयों की मौत हो गई थी। पिता जब्बार ने डाक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए चौकी में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

जांच के दौरान एफएसएल रिपोर्ट, हिस्टोपैथोलीजकल रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्पूर्ण जांच पर आरोपी दीपक गुप्ता उर्फ चिंटू के द्वारा बिना वैध चिकित्सा लाइसेंस के इलाज करने से दो मासूम भाईयों की मौत होने की पुष्टि हुई। उसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 105 के तहत फर्जी डाक्टर दीपक गुप्ता उर्फ चिंटू को गिरफ्तार कर लिया है।

### वसूली करने वाला आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने सीपत क्षेत्र में घूम घूमकर अवैध कारोबार करने वालों से सांठगाठ कर वसूली करने की शिकायत पर एक आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। आरक्षक मूरित बघेल पिछले डेढ़ साल से सीपत थाने में पदस्थ था। उक्त आरक्षक पर आरोप है लंबे समय से थाने में पदस्थ होने से उसका सीपत क्षेत्र के गांव गांव में घूमकर अवैध कारोबार करने वालों से अच्छी जान पहचान हो गई थी, वह उनसे सांठगाठ कर अवैध वसूली कर रहा था। इसके अलावा अवैध शराब व गांजा बेचने वालों को पकड़ने के बाद रास्ते में लेनदेन कर छोड़ देता था। आरक्षक के अवैध वसूली की शिकायत एसएसपी रजनेश सिंह से हुई। एसएसपी श्री सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरक्षक मूरित बघेल को लाइन अटैच कर दिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया कि आरक्षक पर क्षेत्र में अवैध उगाही करने की शिकायत थी। इस आधार पर एसएसपी ने उसे लाइन अटैच कर दिया है।

### 23 नग प्रतिबंधित कफ सिरप सहित एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेन से उतरकर जा रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर प्रतिबंधित 23 नग कफ सिरप मिला। पुलिस सिरप जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार की शाम 7 बजे सिविल लाइन टीआई एसआर साहू को सूचना मिली कि एक युवक बाहर से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर ट्रेन से आ रहा है और उसलापुर स्टेशन में उतरेगा। श्री साहू के निर्देश पर एएसआई जीवन साहू, अतुल सिंह, आशीष राठौर, रितेश मिश्रा उसलापुर स्टेशन के पास तैनात हो गए। एक युवक पिठ्ठू बैग लेकर स्टेशन के बाहर निकला और पैदल महर्षि स्कूल की ओर जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उक्त युवक विकास कुमार साहू उर्फ बंटी को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेन पर 23 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पूछताछ में उसने बनारस से खरीदकर लाना बताया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कफ सिरप जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# सत्ता बदलते ही थोक में इधर से उधर हुए ननि इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में निकाय चुनाव बाद सत्ता परिवर्तन होने और भाजपा की सत्ता आते ही इंजीनियरों को थोक में इधर से उधर किया गया है। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत लंबे समय से जमे कई इंजीनियरों को एक से दूसरे जोन में पदस्थ किया गया है।

■ लंबे समय से जमे निगम इंजीनियर एक से दूसरे जोन भेजे गए

नगर निगम द्वारा जारी आदेश के तहत अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा अब सीवरेज परियोजना का कार्य सहित प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास शाखा, अमृत मिशन, स्टार्म वाटर ड्रेनेज प्लान, जल आवर्धन, प्रधानमंत्री ई-बस, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्ट नगर, गोकुलनगर, सेंट्रल लाइब्रेरी, डीएमएफ, विद्युत शाखा आदि का काम देखेंगे। कार्यपालन अभियंता एसपी साहू को प्रधानमंत्री आवास योजना, आईएचएसडीपी आवास योजना, सीवरेज परियोजना, विद्युत शाखा का कार्य दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन अभियंता अनुपम तिवारी को जल विभाग के साथ स्वास्थ्य, सिटी बस, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जीआईएस बेस्ड मेकनाईज्ड स्वीपिंग मशीन नोडल अधिकारी, अमृत मिशन का कार्य, स्वच्छ भारत मिशन आदि दायित्व संभालेंगे। कार्यपालन अभियंता सुरेश शर्मा भवन शाखा अधिकारी के साथ ही भवन निर्माण की अनुमति, कालोनाईजर लाइसेंस, कालोनी विकास, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि तथा कार्यपालन अभियंता सुब्रत कर विद्युत शाखा, उद्यान विभाग का कार्य देखेंगे। इसी तरह कार्यपालन अभियंता अनुप कुमार सोनी जोन एक एवं चार, कार्यपालन अभियंता किरण कुमार सोनी जोन दो एवं तीन का दायित्व संभालेंगे। कार्यपालन अभियंता विजय खलखो जोन 5 व 6 तथा कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला जोन 7 व 8 का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सब इंजीनियरों को एक से दूसरे जोन में पदस्थ किया गया है।

### साइबर थाना खुलने के बाद भी पीड़ितों को नहीं मिल रहा न्याय

# दो माह में 10 लोगों से 74 लाख की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जागरूकता के बाद पिछले 2 माह से दूर दराज में बैठे जालसाजों ने मोबाइल के माध्यम से विभिन्न प्रकारों का झांसा देकर 10 को ठगी का शिकार बनाकर 74 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। आलम यह है कि साइबर थाना खुलने के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

पुलिस अब तक एक भी ताजा मामले में जालसाजों को पकड़ नहीं पाई है। डकैती, हत्या, लूट, नकबजनी के बाद पुलिस विभाग के लिए आनलाइन ठगी सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। दूर दराज में बैठे जालसाज फर्जी सिम, किराए के बैंक एकाउंट का उपयोग कर घर बैठे एक झटके में लोगों के बैंक एकाउंट में डाका डाल रहे हैं। आलम यह है कि पिछले दो माह में जालसाजों ने 10 लोगों को विभिन्न प्रकार से झांसा देकर 74 लाख रुपए आनलाइन ठगी कर ली है। वहीं लगातार थानों में आनलाइन ठगी के मामले आ रहे हैं, पुलिस शिकायत लेकर जांच करने में जुटी हुई है। मजेदार बात यह है कि एक भी मामले में पुलिस जालसाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### प्रमुख अनसुलझे आनलाइन ठगी के मामले

- 1 अप्रैल नेहरू नगर परिजाज किंगडम निवासी हेमंग अग्रवाल से 7 लाख
- 25 मार्च शुभम विहार निवासी उत्तम सिंह स्रोवाडी से 19 लाख
- 27 फरवरी भारतीयनगर निवासी तसलीम अली से 11 लाख 91 हजार
- 25 फरवरी भरनी परसदा निवासी बृजनंदन सिंह से 10 लाख
- 24 फरवरी मंगला शिवम रेसीडेंसी निवासी श्याम सुन्दर प्रसाद से 14 लाख
- 19 फरवरी जूना बिलासपुर निवासी रमेश शर्मा से 5 लाख

### ऐसे देते हैं झांसा

दूर दराज में बैठे जालसाज मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर लिंक भेजकर, मैसेज सर्च करने, मुनाफा कमाने, आनलाइन नौकरी लगाने, स्टाक मार्केट में इन्वेस्टमेंट, गैस कार्ड केवाईसी कराने, आनलाइन पूजापाठ कर बीमारी दूर करने, फर्जी पुलिसकर्मी बनकर केस से नाम हटाने आदि तरह के झांसा देकर गोपनीय जानकारी लेकर लोगों के बैंक खाता शून्य कर दे रहे हैं।

### टोल फ्री नम्बर 1930 में करें शिकायत

पूर्व में एसपी रजनेश सिंह के द्वारा पुलिस विभाग की गाड़ी, एम्बुलेंस, आटो व सार्वजनिक स्थान में टोल फ्री नम्बर 1930 जारी किया गया है। आनलाइन ठगी के शिकार होने पर पीड़ित तत्काल उक्त नम्बर में संपर्क कर शिकायत करा सकते हैं। इसमें ट्रांसफर हुए रकम को होल्ड करा दिया जाता है।

### टीम लगी है जांच में

सभी आनलाइन ठगी के मामले में साइबर व थाने की टीम जांच में लगी हुई। मोबाइल व बैंक खातें खंगाले जा रहे हैं। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर टीम दूसरे राज्यों में जालसाजों की पतासाजी करने में लगी हुई है। शीघ्र ही कई मामलों में ठगों को पकड़ लिया जाएगा।

**-राजेन्द्र जायसवाल**
एडीशनल एसपी

### जागरूकता के बाद भी झांसे में आ रहे हैं लोग

पुलिस विभाग लंबे अरसे से लगातार आनलाइन ठगी के शिकार से बचने शहर व ग्रामीण इलाकों में चौपाल लगाकर जनजागरूता अभियान चला रही है। अधिकारियों के द्वारा स्कूल, कालेज में क्लास लगाकर आनलाइन ठगी व साइबर फ्राड से बचने जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा ट्रैफिक सिग्नल में स्पीकर के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। उसके बाद भी संभ्रात परिवार के लोग आनलाइन ठगी के शिकार हो रहे हैं और थानों के चक्कर लगा रहे हैं।

### साइबर थाना का नहीं मिल पा रहा लाभ

आनलाइन ठगी के बढ़ते मामले को देखते हुए जिला में रेंज स्तरीय साइबर थाना खोला गया है। रेंज में 5 लाख से अधिक के ठगी के मामले में साइबर थाना में अपराध कायम कर जांच की जाती है। किन्तु थाने में एक्सपर्ट पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के नहीं होने से पीड़ित लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश पीड़ितों को न्याय के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### सहायिका पदों के लिए पात्र अपात्रों की सूची जारी

**मुंगेली।** आंगनबाड़ी केन्द्र महादेवगढ़ एवं चमारी में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 21 अप्रैल तक किया जा सकता है। एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 2 की परियोजना अधिकारी ने बताया कि सूची का अवलोकन कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### आदर्श कम्प्यूटर सेंटर में निशुल्क प्रशिक्षण

**तखतपुर।** आदर्श कम्प्यूटर द्वारा ग्रीष्म अवकाश में 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी एवं उसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से कम्प्यूटर सेंटर में 11 अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं सेंटर में पहुंच कर पंजीयन कराते हुए अवकाश में निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## निधन

### लक्ष्मी मिश्रा



**बिलासपुर।** ग्रीन गार्डन गौरी गणेश शिक्षा कॉलोनी,मंगला चौक निवासी लक्ष्मी मिश्रा का आज निधन हो गया। वे 39 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे पैतृक ग्राम तिल्हैया पारा करगीकला कोटा में किया जाएगा। वे जीवन मिश्रा की पत्नी थीं।

### उमेन्द्र राम यादव



**बिलासपुर।** ग्राम भरनी निवासी उमेंद्र राम यादव का 17 अप्रैल को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बोकरामुडा में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### पं. अनिल जाऊलकर



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी पं अनिल जाऊलकर का 17 अप्रैल को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9 बजे तोरवा मुक्तिधाम में होगा । वे अजय जाउलकर एवं अतुल जाउलकर के पिता थे ।

### राम नारायण शर्मा



**बिलासपुर।** अमसेना वाले देवनंदन नगर सरकंडा बिलासपुर निवासी राम नारायण शर्मा का 17 अप्रैल को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे लक्ष्मी नारायण शर्मा, अधिवक्ता भुनेश्वर शर्मा एवं कृष्ण कुमार शर्मा के भाई एवं हरीश शर्मा के पिता थे ।

### प्यारी बाई कश्यप



**तखतपुर।** ग्राम बराही निवासी श्रीमती प्यारीबाई कश्यप 75 वर्ष का 16 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बराही में किया गया। वे परमानंद कश्यप की मां, प्रशांत कश्यप की दादी थी।

# सचिवों की हड़ताल को करारोपण अधिकारियों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले सहित पूरे प्रदेश में पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी है, जिससे नवनिर्वाचित सरपंचों को अधिकार और शक्तियां नही मिल पाई हैं। इससे गांवों की मूलभूत व्यवस्था गड़बड़ा गई है, ना लोगों को पेयजल सही से मिल रहा है और ना ही साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो पा रही है। साथ ही अन्य काम बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सचिव संघ के अध्यक्ष अजय दीवान, महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में चुनाव पूर्व पंचायत सचिव को शासकीयकरण किये जाने के वादे को पूर्ण कराने प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर जिले के सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले



धरने पर बैठे सचिव।

गए है। इससे पंचायतों में कामकाज ठप है और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पीएम आवास, मनरेगा, पेंशन वितरण, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र समेत पंचायतों के अन्य मूलभूत कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार भी नही मिल पाया है, जिससे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। विगत माह भर से चल रही हड़ताल के बाद भी सरकार के द्वारा कोई भी समन्वय स्थापित नहीं किया जा रहा है।

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने आंदोलन को और तेज करने तथा मांग पूर्ण नहीं होने तक आमरण अनशन की बात कही है। सचिवों के हड़ताल पर चले जाने के कारण उनके जगह करारोपण अधिकारी, रोजगार सहायक को सचिवों का प्रभार देकर कार्य कराने का आदेश दिया गया है। करारोपण अधिकारी, रोजगार सहायक भी सचिवों के हड़ताल को अपना समर्थन दे रहे है। उनका कहना है कि हम करारोपण अधिकारी हैं, सचिव के कार्य को नहीं कर सकते। हड़ताल को आज कमलेश मिश्रा एवं अन्य करारोपण अधिकारियों ने अपना समर्थन दिया है।

### पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में सुपाषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो 22 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि पथरिया विकासखंड के सेक्टर जुनवानी में सीमैम प्रशिक्षण, मौसमी फल एवं सब्जियों की प्रदर्शनी, 3 से 6 वर्ष के बच्चों का एफआरएस किया गया। इसके साथ ही गृह भेंट कर मोबइल एवं टीवी का उपयोग कम करने के लिए समझाईश दी गई। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी रेखा दुआ, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम सरपंच एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# सुपोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



सुपोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखातीं अपर कलेक्टर।

**मुंगेली।** अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने सुपोषण पखवाड़ा रथ को जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इस रथ के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, जनसामान्य को पोषण, संतुलित आहार और स्वच्छता के प्रति जागरूक जागरूक किया जाएगा। सुपोषण अभियान अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि सुपोषण चौपाल अंतर्गत बच्चों में मोटापा के रोकथाम हेतु विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। साथ ही चिन्हांकित बच्चों का बीएमआई मापन, गर्भवती महिलाओं का गोदभराई, बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता, शिशुवती महिलाओं से गृहभेंट कर पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी मुंगेली 1 राजेन्द्र गेंदले, मुंगेली 2 उमा कश्यप सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बच्चे मौजूद रहे।

# मवेशियों की तस्करी, 4 गिरफ्तार



**तखतपुर।** गौ तस्करी के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने पशु क्रुरता अधिनियम की धारा 11 तथा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि 14 अप्रैल की रात में बीजा के पास कुछ व्यक्ति ऑटो में भरकर मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर और वाहन की जांच की तो उसमें मवेशी भरे हुए पाए गए। मवेशियों से भरे वाहन को लेकर लौदा निवासी राजेंद्र सतनामी, बीजा निवासी संजय यादव, संतोष साहू तथा देवतरा निवासी टंकेश्वर यादव जा रहे थे। पुलिस ने मामले में कड़ाई से पूछताछ की तो चारों ने मवेशियों को बूचड़खाने ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मवेशियों को मुक्त कराया तथा चारों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम की धारा 11 तथा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जिला अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम

# बाल विवाह मुक्त भारत के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला



**मुंगेली।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में बाल विवाह मुक्त भारत के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में परियोजना अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह करने पर बाल विवाह अधिनियम 2006 के अंतर्गत 2 साल की सजा व 1 लाख रूपए के जुर्माने का प्रावधान है।जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह से बचपन खत्म हो जाता है, साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

चाईल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक उमाशंकर कश्यप ने हेल्पलाइन नम्बर 1098 एवं बाल कल्याण समिति ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में सरपंच, संरक्षण अधिकारी कपिल यादव, यशवंत शर्मा, संजय बघेल, विकास देवांगन मौजूद रहे।

# मिश्र विज्ञान महाविद्यालय में 7 दिवसीय प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय में स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर के छात्राओं के रोजगार कौशल के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 24 अप्रैल तक किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शोभित बाजपेयी ने बताया कि प्रशिक्षण में महिंद्रा ग्रुप और नांदी फाउंडेशन द्वारा महिंद्रा प्राइड क्लास रूम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रोजगार के लिए इंटरव्यू प्रिपरेशन, कम्युनिकेशन स्किल, बॉडी लैंग्वेज जैसे अन्य रोजगार कौशल पर सारगर्भित और सटीक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में नागपुर से आई मिताली पालटीवाले ने कहा कि महाविद्यालय में होने वाले सात दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर के छात्राओं को प्रोफेशनल स्किल्स, इंटरव्यू के लिए तैयारी, व्यक्तिगत विकास जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाना है। कार्यक्रम में प्रो के अहमद ने बच्चों को स्नातकोत्तर पश्चात रोजगार प्राप्ति के रोजगार कौशल पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन तृप्ति लकड़ा ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक की अनुशंसा पर सड़क निर्माण के लिए 26 करोड़ स्वीकृत



गांव के विकास से राज्य और देश का होगा विकासः धर्मजीत

**सकरी।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को आपस में जोड़ने का लक्ष्य लेकर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने 8 प्रमुख सड़कों की स्वीकृति कराई है, जिनका निर्माण लगभग 26 करोड़ की लागत से किया जाएगा।

कार्य की स्वीकृति मिलने के साथ ही इसका टेंडर भी लग चुका है एवं शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। 26 करोड़ की लागत से बनने वाली आठ सड़क में प्रमुख रूप से ग्राम पाली से सिलतरा 2 करोड़ 62 लाख, लाखासर से मोछ 4 करोड़ 59 लाख 18 हजार, बहतराई से संबलपुरी मिनी स्टेडियम तक 2 करोड़ 35 लाख 92 हजार, बहतराई से सैदा चावल गोदाम तक 3 करोड़ 23 लाख 12 हजार, मेड़पार बाजार मुख्य मार्ग से मनियारी पुल तक 1 करोड़ 98 लाख 72 हजार, भीमपुरी से राम्हेपुर 5 करोड़ 22 लाख 38 हजार, पूरा से छिरहा 3 करोड़ 8 लाख 50 हजार, सिंघनपुरी से सलहैया 2 करोड़ 92 लाख 76 हजार के कार्य को स्वीकृति मिल चुकी है। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचल से ही देश की असली तस्वीर तैयार करना है। गांव के विकास से राज्य और देश का विकास होगा। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने के लिए पूरी प्रयासरत है, ताकि हर गांव को आपस में जोड़कर विकास की बुनियाद तैयार की जा सके।

# डिप्टी सीएम साव की डेढ़ साल पुरानी घोषणा पर अमल



मुक्तिधाम एवं उद्यान के लिए 5 करोड़ 35 लाख स्वीकृत

**लोरमी।** राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत नगर में तीन निर्माण कार्यों की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 5 नवम्बर 2024 की थी। इसी के तहत 2 मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण एवं एक उद्यान के लिए 5 करोड़ 35 लाख 9 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक अरुण साव ने लगभग डेढ़ साल पहले उक्त निर्माण कार्यों की घोषणा की थी, जिसको अब मूर्त रूप दिया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह लोरमी के विकास की शुरुआत है, आगे और भी विकास की गाथा लिखी जाएगी। स्वीकृत राशि से वार्ड क्र 13 में बाबाघाट के पास मुक्तिधाम सौदर्याकरण कार्य हेतु 1 करोड़ 83 लाख 2 हजार, वार्ड क्र 3 ब्राम्हणपारा के मुक्तधाम सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 70 लाख 10 हजार एवं नगर पालिका कार्यालय के पास उद्यान निर्माण के लिए 1 करोड़ 81 लाख 97 हजार की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह इन सभी कार्यों के लिए कुल 5 करोड़ 35 लाख 9 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

# कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के सम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी का किया गया गठन



**बोदरी।** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का बहुप्रतीक्षित प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 13 अप्रैल को रायपुर में किया गया। पूरे राज्य के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की उपस्थिति में यह सम्मेलन संगठनात्मक दृष्टिकोण से ऐतिहासिक रहा।

सम्मेलन में प्रशासनिक सेवा की मर्यादा, संगठन की गरिमा, कर्मचारियों की सुरक्षा तथा पारदर्शी कार्यप्रणाली जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान कोरबा जिले के तहसीलदार सत्यपाल राय के विरुद्ध उनके पूर्व कार्यकाल में उप पंजीयक भरतपुर के पदस्थापन के दौरान भूमि रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरण में पुलिस की कार्रवाई की संघ ने भर्त्सना की। साथ ही संघ ने निर्णय लिया कि संबंधित प्रकरण के समस्त तथ्यों को व प्रमाणों को शासन के समक्ष प्रस्तुत कर न्याय की मांग की जाएगी। इस दौरान सम्मेलन में सर्वसम्मति से संघ की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण कुमार लहरे को फिर से प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। साथ ही विक्रांत सिंह राठौर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, प्रशांत पटेल प्रदेश सचिव, शैलेन्द्र दिवाकर प्रदेश सह सचिव, गुरुदत्त पंचभाये व वसुमित्र दीवान प्रदेश संयोजक, संजय राठौर एवं बजरंग साहू कोषाध्यक्ष बनाए गए।


**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं जयसिंह बंजारे उम्र 33 वर्ष पिता दुर्गा प्रसाद बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम फरहदा तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा पुत्र पृथ्वी पिता जयसिंह बंजारे का जन्म दिनांक 24.01.2022 को मिशन अस्पताल मुंगेली में हुआ था एवं मेरे पुत्र के जन्म उपरांत मुझे नगर पालिका मुंगेली से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया था जिसमें पुत्र का नाम पृथ्वी त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। 3. यह कि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम पृथ्वी बंजारे (PRITHVI BANJARE) है। 4. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम पृथ्वी बंजारे (PRITHVI BANJARE) सुधार कर दर्ज कर दिया जावें है। 5. यह कि मैं उक्त शपथ पत्र उपरोक्त लिखित कथनों के समर्थन में निष्पादित करता हूँ जिसका समस्त दायित्व मेरे स्वयं का है।

शपथकर्ता

मैं जय सिंह बंजारे उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक में मेरे समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 17.04.2025 को स्थान पेण्ड्रारोड में लिखाकर पढ़कर समझकर सही होना पाकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाश चंद देवांगन उम्र 53 वर्ष पिता श्री मोतीचंद देवांगन निवासी अंजनी विहार चांटीडीह, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमिस्वामी श्री संजय कुमार तंबोली पिता श्री रामबहादुर तंबोली निवासी गजानंद विहार, मोपका, बिलासपुर (छ.ग.) आधार नंबर 7639 0770 9521 के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 537/1 ग्राम पंधी प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. सीपत, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 537/1 में से रकबा 1.181 हेक्टेयर (1.50 एकड़) को विक्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दिया गया है निकट भविष्य में उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना है।

उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्थान, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है तथा इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

ज्ञानेश्वर सिंह अधिवक्ता
अंजनी विहार कॉलोनी चांटीडीह,
बिलासपुर (छ.ग.) मो. 8109180007

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क.//वा./ना.तह./2025
बिल्हा दिनांक 16.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका मिलौतिन पिता स्व. तिजऊ राम निवासी ग्राम धोधा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार द्वारा ग्राम मुरकुटा प.ह.न. 22 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 127/65 कुल रकबा 1.0320 हे. भूमि का उभयपक्षों के मध्य 1/3 हिस्से में खाता विभाजन किये जाने आवेदन प्रस्तुत किये हैं ।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दावा इस न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। समयावाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार बिल्हा
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक//क/वा/तह./2025
बिल्हा दिनांक 08.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण विजय कुमार ध्रुव, राकेश कुमार ध्रुव, शिवांगी तीनो पिता जीवनलाल, यशोदाबाई पति जीवनलाल ध्रुव जाति कुंजाम मरई (अ.ज.जा.) निवासी धौराभांठा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम धौराभांठा प.ह.नं. 13 रा.नि0मं. दगौरी तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 531/2 रकबा 0.58 एकड़ भूमि को विक्रय गैर आदिवासी केता श्रीमती अमृत गुम्बर पति श्री सुरेंद्र गुम्बर, जाति पंजाबी, पुराना हाईकोर्ट के पास बिलासपुर के पास रू. 15,00,000-00 अक्षरी (पंद्रह लाख रू.) में विक्रय करने का सौदा कर बयाना राशि के रूप में 1,00,000-00 रू0 प्राप्त कर लिया गया है । आवेदकगण उक्त भूमि को छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत भूमि के विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु न्यायालय अ.वि.अ.(रा.) बिल्हा से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक - 23.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व सधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बालकिशन शर्मा वल्द स्व. केशरमल शर्मा निवासी ए-1 रूकमणी विहार मगरपारा बिलासपुर तह, व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में पुरूषोत्तम सिंह पिता स्व. श्री महादेव सिंह निवासी वार्ड नं- 05 शक्तिपीठ के पास, यादव नगर तिफरा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा परसदा प.ह. न. 49 रा.नि.मं बिल्हा तह. व बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 17/5 रकबा 1.50 एकड़ के संबंध में विक्रय का इकरारनामा किया है, एवं बयाना की राशि भी मेरे पक्षकार ने अदा कर दी है तथा समस्त आवश्यक कार्यवाही के पश्चात निकट भविष्य में विक्रय का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है, मुझे यह ज्ञात हुआ है, उक्त इकरारशुदा भूमि को विक्रय करने हेतु पक्षकार पुरूषोत्तम सिंह पिता स्व. श्री महादेव सिंह प्रयासरत है।

अतः इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण शासकीय एवं अशासकीय निकाय शासकीय एवं अशासकीय बैंक एवं सभी आवश्यक संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि इकरारनामा की अस्तित्व में रहते उक्त दर्शित व्यक्तियों से क्रय-विक्रय का कोई सम व्यवहार न करें, अन्यथा भविष्य में होने वाले परिणामों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जानें
दिनांकः 16/04/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
सिद्धार्थ श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
मुंगेली नाका, डी.एस.एस.
कॉम्प्लेक्स के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.- 9630414430

**आम सूचना**

सर्व सधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बालकिशन शर्मा वल्द स्व. केशरमल शर्मा निवासी ए-1 रूकमणी विहार मगरपारा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में वीनू चौधरी वल्द स्व. डेवियल चौधरी एवं ममता विनीत चौधरी वल्द स्व. डेनियल चौधरी दोनों निवासी तिलक वार्ड मुंगेली तह. व जिला मुंगेली (छ.ग.) की स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि.मं ब्लाक सर्किल तह, व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 638/34 रकबा 0.810 हेक्टे के संबंध में विक्रय का इकरारनामा किया है, एवं बयाना की राशि भी मेरे पक्षकार ने अदा कर दी है तथा समस्त आवश्यक कार्यवाही के पश्चात निकट भविष्य में विक्रय का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है, मुझे यह ज्ञात हुआ है, उक्त इकरारशुदा भूमि को विक्रय करने हेतु पक्षकार वीनू चौधरी एवं ममता विनित चौधरी प्रयासरत है।

अतः इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण शासकीय एवं अशासकीय निकाय शासकीय एवं अशासकीय बैंक एवं सभी आवश्यक संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि इकरारनामा की अस्तित्व में रहते उक्त दर्शित व्यक्तियों से क्रय-विक्रय का कोई सम व्यवहार न करें, अन्यथा भविष्य में होने वाले परिणामों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जानें
दिनांकः 16/04/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
सिद्धार्थ श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
मुंगेली नाका, डी.एस.एस.
कॉम्प्लेक्स के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.- 9630414430

**समक्ष नोटरी सिविल, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**

**शपथ-पत्र**

मै किशन साहू, उम्र 41 वर्ष, पिता श्री भागवत प्रसाद साहू, जाति तेली, निवासी हेमू नगर, तह, व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं। जो कि निम्नकथन शपथपूर्वक बयान करता हूं कि

1. यह कि मै उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं। 2. यह कि मेरे पुत्र प्रिंस साहू पिता श्री किशन साहू के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड और शैक्षणिक दस्तावेज में उसका नाम शालोम साहू, पिता श्री किशन साहू दर्ज है। 3. यह कि मै अपने पुत्र का नाम परिवर्तन करना चाहता हूं एवं उसका नाम प्रिंस साहू, पिता श्री किशन साहू दर्ज करवाना चाहता हूं। 4. यह कि वर्तमान में मेरे पुत्र को प्रिंस साहू, पिता किशन साहू के नाम से जाना एंव पहचाना जावें। 5. यह कि मै शपथपत्र अपने पुत्र के नाम परिवर्तन के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूं।

शपथकर्ता-किशन साहू

**सत्यापन**

मैं किशन साहू यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका क्रं. 01 से 04 तक सभी कथन मेरे ज्ञान से सही एंव सत्य है, जिसे आज दिनांक 03.04.2025 को स्थान बिलासपुर में, पढकर, समझकर, सही होना पाकर अपना अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता-किशन साहू

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी बिलासपुर (छ.ग.)**

सीमांकन के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति, आवेदक/आवेदिका राजेश कुमार पिता दयाराम निवासी- बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी 1 सुरेश कुमार पिता मनहरण 2 देवनंदन सतीश पिता रामगोपाल 3 मधु गौरहा पति कमलेश गौरहा 4 कमलेशर पिता रतन 5 दुलौरिन पति बसावन 6 नारायण पिता कपील 7 जनार्दन पिता गंगाराम वर्गेरह 8 नंदकुमार पिता गणेश 9 बलवंत सिंह पिता गणेश 10 रामकुमार पिता महेश।

विषय-मौका जांच/सीमाकन के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

संदर्भः न्याया. नाय. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/ नाय.तह./वा/2024 बोदरी दिनांक 09/04/2025

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका राजेश कुमार पिता/पति. दयाराम जाति सिंधी निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम कड़ार प.ह.न. 07 रानिम व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. (म.नं 04) 357/3 रकबा 0.542 हे. एकड का सीमांकन किये हेतु न्याया. नाय.तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 22/4/25 को 11.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
तहसील बोदरी जिला बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सरगांव, तहसील सरगांव जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक/Q/ रा.नि.म/सरगांव/2025
दिनांक 16/04/25

प्रति, 1/- प्रणय बजाज पि. श्री. जेपी बजाज 2/- मोनू अग्रवाल पि. जय भगवान 3/-राजेन्द्र अग्रवाल पि. हजारी लाल आवेदक

विषय :- सीमांकन/बंटाकन के संबंध में सूचना बाबत

ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न 13 रा.नि.म सरगांव तहसील पथरिया जिला मुगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 126/43 रकबा 0.113 हे. भूमि का सीमांकन/बंटाकन हेतु तहसीलदार सरगांव/ अनुविभागीय अधि (रा.) / अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय मे आवेदक प्रणय बजाज पिता जे.पी. बजाज द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके परिपालन मे न्यायालय तहसीलदार सरगांव / अनुविभागीय अधि(रा.)/अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक / वा / 2025 सरगांव / पथरिया / मुंगेली के आदेश दिनांक 11/04/25 के परिपालन मे दिनांक 23/04/25 को समय 12 से 05 बजे के मध्य मे सीमांकन/बंटाकन किया जाना है।

अतः आप सभी हितबद्ध एवं चौहददी पक्षकार अपने समस्त दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय मे उपस्थित होवे। अनुपस्थिति की स्थिति मे आप स्वंय जवाबदार होगे। अनुपस्थिति उपरांत आपति स्वीकार नही किया जावेगा।

टीप उक्त सीमांकन में आवेदक मजदूर की व्यवस्था स्वंय करेगा। उक्त कार्य दिवस मे अन्य शासकीय आवश्यक कार्य आ जाने से सीमांकन तिथि मे परिवर्तन किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, सरगांव

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सरगांव, तहसील सरगांव जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक/Q/ रा.नि.म/सरगांव/2025
दिनांक 16/04/25

प्रति, 1/- मोनू अग्रवाल पि. जय भगवान 2/- प्रणय बजाज पि. श्री जे.पी.बजाज 3/ राजेन्द्र अग्रवाल पि. हजारीलाल अग्रवाल आवेदक

विषय सीमांकन/बंसकन के संबंध मे सूचना बाबत

ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न 13 रा.नि.म सरगांव, तहसील पथरिया, जिला मुगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 126/45, 126/47, 126/2, 126/55, 0.113, 0.113, 0.121. 0.113 0.121 हे. भूमि का सीमांकन/बटाकन हेतु तहसीलदार सरगांव/अनुविभागीय अधि(रा.) / अधीक्षक भू-अभिलेख / सिविल न्यायालय मे आवेदक मोनू अग्रवाल पिता जय भगवान द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके परिपालन मे न्यायालय तहसीलदार सरगांव / अनुविभागीय अधि (रा.) / अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक/वा / 2025 सरगांव/पथरिया/मुंगेली के आदेश दिनांक 11/04/25 के परिपालन में दिनांक 23/04/25 को समय 12 से 05 बजे के मध्य मे सीमांकन/बंटाकन किया जाना है।

अतः आप सभी हितबद्ध एवं चौहददी पक्षकार अपने समस्त दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय मे उपस्थित होवे। अनुपस्थिति की स्थिति मे आप स्वंय जवाबदार होगे। अनुपस्थिति उपरांत आपति स्वीकार नही किया जावेगा।

टीप उक्त सीमांकन में आवेदक मजदूर की व्यवस्था स्वंय करेगा। उक्त कार्य दिवस मे अन्य शासकीय आवश्यक कार्य आ जाने से सीमांकन तिथि मे परिवर्तन किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, सरगांव



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## गुड फ्राइडे पर सात वाणियों का मनन आज

**बिलासपुर**। दुख भोग सप्ताह की संध्याकालीन आराधना सभी चर्चों में संचालित है। इसमें मसीहीजन यीशु पर हुए अन्याय,



अत्याचार और दुखों पर मनन चिंतन कर रहे हैं। शुक्रवार को गुड फ्रायडे पर प्रभु यीशु द्वारा क्रूश पर कही गई सात वाणियों का मनन किया जाएगा।

**चर्च में हुई प्रभु भोज स्थापना दिवस की आराधना**

चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचन प्राचीन समूह में पास्टर सुदेश पॉल के मार्गदर्शन में गुरुवार शाम को प्रभु भोज स्थापना पर्व की आराधना हुई। जिसका संचालन प्रवीण जैसल, बाइबिल का पठन रेनू अब्राहम ने किया। प्रार्थना में अगुवाई एंजेलिना पॉल, शीबा लुईस, सालोमान सिंह और माग्रेट पॉल ने किया। प्रभु भोज वितरण नॉर्मल हेनरी, अनूप लवंग, सनी लुईस, दिनेश दास और भेंट की सेवकाई प्रिया जैसल, जेनिफर पॉल, प्रगति सिंह और निवेदिता पॉल ने किया। पास्टर सुदेश पॉल ने अपने उपदेश में बताया कि यीशु मसीह की इच्छा थी कि दुःख उठाने से पहले अपने चेलों के साथ फसह का भोजन करूं, जब वह आपस में भोजन कर रहे थे तो यीशु ने रोटी ली और आशीष मांगकर तोड़ी फिर कटोरा लिया और कहां यह रोटी मेरी देह एवं कटोरा मेरे लहू में नई वाचा है, जब कभी तुम इसमें से खाओ और पियो तो मेरी मृत्यु को स्मरण किया करना। चर्च में प्रति रविवार इस विधि का पालन किया जाता है।

जॉब लाइव

## रेलवे में मैनेजर पद पर निकली भर्ती, 24 तक आवेदन

**बिलासपुर**। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से



मैनेजर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए एप्लीकेशन प्रॉसेस स्टार्ट हो चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 24 अप्रैल तक जारी रहेगी। जो भी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं और रेलवे में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, वे तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट www.nhsrcl.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले उम्मीदवार पात्रता की जांच अवश्य कर लें। इस भर्ती में भाग लेने के लिए संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिग्री (बीई/ बीटेक) प्राप्त की हो। इसके साथ ही 31 मार्च 2025 को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। योग्यता की विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक बार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें। इस भर्ती में चयनित होने के लिए आवेदनकर्ताओं को पहले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में भाग लेना होगा।

**एनसीआरटीसी में विभिन्न पदों पर हो रही भर्ती**

आयोजन

## परमात्मा को पाने करनी होती है भक्ति : बीके गायत्री



**बिलासपुर**। प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में सतगुरुवार का भोग परमात्मा को स्वीकार कराया गया। बीके गायत्री ने कहा कि परमात्मा को पाने के लिए भक्ति करनी होती है। सबसे पहले परमात्मा का यथार्थ परिचय जानना आवश्यक है। परमात्मा का यथार्थ परिचय तो स्वयं परमात्मा ही दे सकते हैं, वह भी तब जब वे परमधाम से धरती पर अवतरित हो। उन्होंने कहा कि परमात्मा को भूलने से ही मनुष्यों की दशा जानवर से भी बदतर हो गई है। परमात्मा आकर हममें दैवीय गुणों की धारणा तब कराते है जब कलयुगी दुनिया समाप्त हो। सतयुग आने वाला हो। अंत में सभी ने परमात्मा की याद में भोग ग्रहण किया।

**प्रभु दर्शन भवन में लगाया गया सतगुरुवार का भोग**

शिविर

## कंपनी गार्डन में लोगों ने सीखी जलनेति क्रिया

**बिलासपुर**। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के योग विज्ञान



विभाग ने शहर के कंपनी गार्डन में निशुल्क षट्कर्म की पद्धति जलनेति करना लोगों को सिखाया। कुलपति के निर्देश पर जन-जन को योग की अलख जगाने लगातार शिविर चलाया जा रहा है। गुरूवार को षट्कर्म निशुल्क कराया गया। योग विज्ञान विभाग की योग विशेषज्ञ डॉक्टर मोनिका पाठक ने सभी लोगों को इस पद्धति को पहुंचाया, इसमें उनका साथ योग विज्ञान विभाग की छात्रा मन्दा अनिल शेवालकर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# गर्मी में बच्चे ले रहे 'छपाक' का आनंद



**बिलासपुर**। गर्मी आते ही शहर के स्वीमींग पूलों पर बच्चे सुबह व शाम को तैराकी करने पहुंच रहे हैं, यहां बड़ी संख्या में बच्चे तैराकी सीख रहे हैं, बच्चे इस ताल में छपाक-छपाक करते हुए नजर आ रहे हैं। शहर के संजय तरण पुष्कर व रेलवे स्वीमिंग पूल में बच्चे तैराकी सीखने बेदह उत्साहित दिख रहे हैं। ऐसे में बच्चों से लेकर बड़े तेज गर्मी में छपाक छपाक का मजा लेकर गर्मी से निजात पा रहे हैं। एक अप्रैल से स्विमिंग पूल को चालू कर दिया गया। ऐसे में अब बच्चों की भीड़ ताल में लगने लगी है। वही अब ताल चालू होने और गर्मी बढ़ने के साथ ही ताल में भीड़ उमड़ने लगी हैं। जहां सुबह से ही जमकर मजा लिया जा रहा है और इससे गर्मी से राहत मिल रही है। संजय तरंग पुष्कर का ताल अंतरराष्ट्रीय मापदंड के अनुरूप बनाया गया है। यह ओलंपिक साइज़ पुल है। जहां किसी भी प्रकार की तैराकी की स्पर्धा के लिए उचित है। इसके खुलने से जिले के तैराक खिलाड़ी फिर से अभ्यास कर रहे हैं। साथ ही इसमें आने वाले दिनों में स्पर्धा भी आयोजित हो सकेगी।



### ❑ तीन माह बच्चे सीखेंगे तैराकी

अप्रैल माह से जो तैराकी शुरू होती है,अगामी तीन माह तक बच्चे सुबह व शाम के समय पर तैराकी करते हैं। गर्मी की छुट्टी का सदुपयोग नई-नई प्रतिभाओं को सीखकर करते हैं। अभिभावक भी बड़े उत्साह से बच्चों को प्रेरित करते हैं।

### ❑ स्वीमिंग खिलाड़ी सुबह 4 बजे कर रहे प्रैक्टिस

राजेश साहू ने बताया की खेल परिसर स्वीमिंग पूल में रेनोवेशन कार्य होने से इस गर्मी में अब तक शुरू नहीं हो सका है। जून में यहां शुरू हो पाएगा मगर तैराकी खिलाड़ियों को अभ्यास में किसी तरह की समस्या ना हो कलेक्टर के निर्देश पर संजय तरण पुष्कर में खिलाड़ी सुबह 4 ये 6 के बैच में तैराकी का अभ्यास कर रहे हैं।

## पंजाबी महिला सनातन सभा ने उत्साह से मनाया बैसाखी पर्व

# पंजाबी गीतों की धुन पर बच्चों ने किया गिद्धा, भांगड़ा

पंजाबी महिला सनातन सभा की सदस्यों ने गुरुवार को बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें बैसाखी पर आधारित कई आयोजन हुए। हाऊजी का आनंद लिया गया। गीत-संगीत गाए गए। बच्चों ने पंजाबी गीतों की धुन पर गिद्धा, भांगड़ा कर माहौल को पंजाबीमय बना दिया।



*बिलासपुर। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था की अध्यक्ष अंजू दुआ ने समाज की उपस्थित महिलाओं को बैशाखी पर्व की शुभकामनाएं दी और बताया कि बैसाखी पर्व को मुख्य रुप से उत्तर भारत में मनाया जाता है। बैसाखी को कृषि उत्सव के साथ ही एक धार्मिक पर्व के रुप में भी देखा जाता है। इस दिन को सिख धर्म के लोग सिख नववर्ष के रूप में भी मनाते हैं। उन्होंने बताया कि बैसाखी के दिन किसान फसल को काटकर घर लाते हैं और इस दिन को खुशी के रुप में मनाते हैं और भगवान का धन्यवाद करते हैं। सचिव नीता दुआ ने कहा कि बैशाखी का दिन पंजाबी समाज के लोगों के लिए काफी महत्व रखता है। इसी महत्ता के चलते इस संस्था द्वारा हर साल यह आयोजन किया जाता है।*

### बच्चों ने किया भांगड़ा

कार्यक्रम में समाज की हरगुन अरोरा, वैष्णवी उपवेजा, गौरा दुआ ने पारंपरिक वेश में पंजाबी गीतों की धुन पर भांगड़ा किया। जिसे सभी लोगों ने पसंद किया। बच्चों के पैरेंट्स ने बताया कि इन बच्चों को शिक्षा के साथ ही गिद्धा, भांगड़ा सीखने को लेकर निरंतर जागरूक किया जाता है। इससे उनकी भी पारंपरिक नृत्य के प्रति रूचि बढ़ रही है और यह हमारे लिए गौरव की बात है।



### लकी गेम का लिया गया आनंद

कार्यक्रम में कई मनोरंजक व लकी गेम का आनंद लिया गया। लकी गेम का इनाम नेहा छाबड़ा सहित अन्य सदस्यों को मिला।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में संस्था की सह अध्यक्ष आशा सोनी, कोषाध्यक्ष पूनम हांडा, रंजना चड्डा, अनिता, नेहा दुआ, निशी, दीपाली, अन्नू भण्डारी, मोना लांबा, मधु छाबड़ा, ज्योति बतरा, रीता सहित अन्य महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित थीं।

## झूलेलाल मंदिर में गुरुकुल शिक्षा की लगाई गई क्लासेस



श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर इकाई के प्रमुख डॉ रमेश, सपना कलवानी के अथक प्रयास से दादा के बताए हुए राह पर चलते हुए इस गर्मी के तीन महीनों में गुरुकुल शिक्षा की क्लासेस लगाई गई है।

**बिलासपुर**। इस क्लासेस का शुभारंभ रामावैली से किया गया था। दो सप्ताह के बाद चेटीचंड्र के अवसर पर संत सांई लाल दास के आशीर्वाद से सुबह साढ़े 10 से 12 बजे तक गुरुकुल की शिक्षा आरंभ की गई है। जिसमें पूज्य बरखा भाभी मां ने शिष्यों को शिक्षा ग्रहण करवा रहीं हैं।

वहीं डॉ अभिषेक कलवानी, डॉ एकता कलवानी अलग-अलग तरीकों से बच्चों को सनातन धर्म से जोड़ते हैं। सत्र की शुरुआत ओम के जप से होती है। इसके बाद प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता... कराई जाती है। संस्कृत के श्लोक और मंत्रों का उच्चारण करा इसका अर्थ समझाया जाता है। हनुमान चालीसा की प्रथम चौपाई का भावार्थ बताया जाता है। प्रणायाम, अनुलोम, विलोम और भ्रामरी करवाई जाती है। इसके लाभ भी बताए जाते हैं। सिमी भगतानी बच्चों के साथ आनंद दायक जुंबा सेशन व गेम करा कर गेम के माध्यम से संदेश देती हैं। डॉ अभिषेक कलवानी द्वारा मोबाइल और रील्स अधिक देखने के नुकसान के बारे में बच्चों को समझाया जाता है। आयोजन को सफल बनाने में साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर इकाई के सभी सदस्यों एवं झूलेलाल मंदिर के सेवादारों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

**ओम के जप से होती है सत्र की शुरुआत**

विभिन्न प्रदेशों की टीम स्पर्धा में होगी शामिल

स्पोर्ट्स न्यूज

# 7 वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए मलखंब टीम का ट्रायल

खेल इंडिया यूथ गेम्स सीजन 7 बिहार में आयोजित होने जा रहा है, जिसके लिए संचालक, खेल एवं यूवा कल्याण, विभाग द्वारा चयन समिति गठित की गई थी। जिसके अध्यक्ष अंजुलस एक्का, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, बिलासपुर तथा सदस्य गण डॉ राजकुमार शर्मा, महासचिव, छत्तीसगढ़ मलखंब संघ,मनोज प्रसाद, कोच, बलवंत कुमार का, खेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की बालक-बालिका, महिला- पुरूष मलखंब टीम का गठन करने के लिए सलेक्शन ट्रायल गुरूवार को कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में किया गया।

**बिलासपुर**। इस संबंध में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले के मलखंब खिलाड़ियों ने सलेक्शन ट्रायल में भाग लिया। इसमें बालिका टीम में कु.संताय पोटाई, मोनिका पोटाई, दुर्गेशव्ररी कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोयम,शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह। पुरूष वर्ग में -राकेश कुमार वरदा, मानू ध्रुव, मंगडू पोडियाम, राजेश कोर्राम,मोनू नेताम, आयुश सिंह सिदार थे। इस मलखंब सलेक्शन ट्रायल को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के पदाधिकारी विधायक सुशांत शुक्ला, अनिल टाह, संरक्षक, प्रेमचंद शुक्ला, अध्यक्ष डॉ राजकुमार शर्मा, महासचिव राजा सरकार, बिसन कसेर उपाध्यक्ष,विरेन्द्र तिवारी, अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष,डा.मिलिंद भानदेव,मनोज प्रसाद, पूनम प्रसाद योगदान दिया।



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से दो युवक घायल

**बिलासपुर।** ड्राइवर को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। हादसे में दो युवकों को चोट आई है। पुलिस ने कार जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, लालखदान महमंद निवासी गोपी निषाद दोस्त रोहित निषाद के साथ गुरूवार की सुबह पैदल जा रहे थे। इसी दौरान टोयोटा ग्लैंजा कार क्रमांक सीजी 10 एएक्स, 2840 के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दोनों युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मामूली चोट आना बताया है। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि वह सरसींवा भटगांव से लौट रहा था, झपकी आने से हादसा हुआ पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125 के तहत कार जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवती से अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** टी स्टाल में दोस्ती करने के बाद शादी करने का झांसा देकर छात्रा से होटल में अनाचार करने वाले एसईसीएलकर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक संगीता नेताम ने बताया, पड़ोसी जिले की एक छात्रा शहर में किराए के मकान में रहकर व्यापमं की कोचिंग कर रही है। इसके अलावा वह टी स्टाल लगाती है। वर्ष 2024 से उनके टी स्टाल में सरकण्डा शिवनंदन विहार निवासी एसईसीएलकर्मी मो. जावेद खान पिता मो. जहांगीर खान 22 साल का आना जाना था। इसी दौरान उनके बीच जान पहचान हुई और दोनों के बीच बातचीत होने लगी। 13 सितंबर 2024 को जावेद खान छात्रा को घुमाने के लिए कोनी रोड स्थित एसके होटल में लेकर गया और शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। इस तरह से दोनों के बीच प्रेम संबंध व मिलना जुलना चलता रहा है। युवती ने शादी करने का दबाव बनाई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 69, 351, 2 के तहत मो. जावेद खान को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो सूने मकानों में चोरों का धावा, जेवर नकद ले उड़े

**बिलासपुर।** दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। उसके बाद कीमती जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



सकरी पुलिस के अनुसार, सांई नेचर सागर होम्स एसएन 27 निवासी प्रेमकुमार साय पिता निर्भय राय सिविल कांट्रेक्टर हैं, उनकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई है। 15 अप्रैल को घर के दरवाजे में ताला लगाकर वे रिश्तेदार के घर कवर्धा चले गए थे। 16 अप्रैल की सुबह 11 बजे उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। दोपहर में वे घर लौटे और अंदर जाकर देखे तो आलमारी खुली हुई थी और सामान अस्त व्यस्त पड़े थे, लाकर में रखे 15 हजार रुपए की चोरी गई थी। दूसरी घटना में चकरभाठा निवासी महेश आडवानी 14 अप्रैल को परिवार के साथ रायपुर चले गए थे। 17 अप्रैल की दोपहर 2 बजे वे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो आलमारी का ताला टूटा हुआ था और सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। उसमें रखी दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने का टाप्स, एक लाकेट, 15 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

**आठ मकानों में चोरी, चोरों का सुराग नहीं :** पिछले कुछ समय से लचर पुलिसिंग के चलते सकरी क्षेत्र में चोर गिरोह जमकर आतंक मचा रहे हैं। बीते कुछ दिनों में चोरों ने आसमां सिटी के आठ सूने मकानों में धावा बोलकर कीमती जेवर व नकद रकम चोरी की थी। आलम यह है अब तक पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

**बाहर से आने वाले यात्री खोजते हैं टिकिट काउंटर** | **जनरल टिकिट काउंटर का बदला गया स्थान**

# जोनल स्टेशन की पूरी बिल्डिंग हो गई खाली और यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में ब्रिटिश काल की पुरानी बिल्डिंग को छोड़कर रेलवे की ओर से बनाई गई बिल्डिंग के सारे विभाग को कामर्शियल विभाग ने खाली करा दिया है। इसकी वजह से सबसे अधिक परेशानी बाहर से आने वाले यात्रियों को हो रही है, जो गेट नम्बर तीन पर संचालित होने वाले जनरल टिकिट काउंटर के दूसरे स्थान पर स्थानांतरण होने की वजह से उसकी खोजबीन करते रहते हैं। इस चक्कर में उनकी ट्रेन स्टेशन से रवाना हो जाती है और वे प्लेटफार्म पर ट्रेन को जाते हुए देखते रह जाते हैं।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 492 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। इस काम में रेलवे स्टेशन को एक नए स्वरूप में यात्रियों के सामने पेश करना है, ताकि उन्हें रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट की तरह अनुभव हो सके। करोड़ों रुपए की लागत से किए जाने वाले कार्य की शुरुआत एक साल पहले ही कर दी गई है। इसे बनाने का टारगेट 32 माह का रखा



गया है। एयरपोर्ट की तर्ज पर बनने वाले बिलासपुर स्टेशन में पहले सर्वे के दौरान पुरानी सारी बिल्डिंग को तोड़ने पर सहमति बनी थी, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संगठनों के विरोध करते हुए वीआईपी गेट यानि 1880 में ब्रिटिश काल के दौरान बनाई गई, बिल्डिंग को छोड़कर 10 से 15 साल पहले बनाई गई बिल्डिंग को तोड़ने का आर्डर जारी कर दिया। इस कार्य के लिए बिल्डिंग में संचालित होने वाले अनारक्षित टिकिट काउंटर, वेटिंग हॉल और अन्य कार्य हो रहे विभाग को पूरी तरह से खाली कराया जाना था। अनारक्षित टिकिट काउंटर ऐसे स्थान पर संचालित हो रहा था, जहां गेट नम्बर तीन पर आने-जाने वाले यात्रियों को जनरल टिकिट की सुविधा बड़े आराम से मिल जाती थी। गतिशक्ति विभाग का आदेश मिलने के कामर्शियल विभाग ने अनारक्षित टिकिट काउंटर को गेट नम्बर एक पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में और आरक्षण काउंटर को सेकेरसा यानि टीटीई रेस्ट हाउस के बगल में शिफ्ट कर दिया। इस शिफ्टिंग के साथ ही गेट नम्बर तीन पर भी दोनों ओर से ब्लाक कर बंद कर दिए गए। शहर के यात्रियों को गेट नम्बर एक पर जनरल टिकिट की सुविधा तो मिली, लेकिन बाहर से आने वाले यात्रियों को अभी भी जनरल टिकिट काउंटर की खोजबीन करनी पड़ रही है। इसके कारण उनकी ट्रेन स्टेशन से छूट जाती है।

### नई बनने के बाद टूटेगी पुरानी बिल्डिंग

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में कामर्शियल और अन्य विभाग के संचालित होने वाले सारे कार्यों को अलग-अलग स्थान पर शिफ्टिंग कर दिया गया है, ताकि गतिशक्ति विभाग की ओर से बिल्डिंग को डिस्मेंटल कर तोड़ने का काम किया जा सके। कामर्शियल विभाग ने जब सारे विभाग को अलग-अलग स्थान में शिफ्ट कर दिया, तब उन्हें जानकारी मिली कि गतिशक्ति विभाग की ओर से पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का काम जब किया जाएगा, जब एक नई बिल्डिंग का निर्माण पूरा होगा। इस कार्य में तीन से चार साल लगेंगे।

### चल रहे हैं कार्य

स्टेशन को पुर्नविकसित करने का काम किया जा रहा है। यात्रियों को जनरल टिकिट के लिए गेट नम्बर चार पर भी एटीवीएम की शुरुआत कर दी गई है, ताकि यात्रियों को इधर-उधर भटकने की आवश्यकता न पड़े। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य को ठेकेदार ने शुरु कर दिया है और सहुलियत के हिसाब से काम कर रहा है। इस दौरान यात्रियों की सुविधा को भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

**बजट व वर्क कोड का इंतजार कर रहा है पीडब्ल्यूडी**

# 4 साल बीते, शहर में नहीं है फायर स्टेशन अफसरशाही के चलते रूका निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

7 लाख आबादी वाले जिले में फायर स्टेशन तक नहीं है। पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्तावित फायर स्टेशन निर्माण के लिए 6 बार फाइल चलाई जा चुकी है, लेकिन अबतक इसके निर्माण का इंतजार किया जा रहा है। विभाग में अफसरशाही हावी है, जिसके चलते 4 सालों से निर्माण रूका हुआ है। हाल ही में यहां के अधिकारियों ने फाइल उच्च कार्यालय को भेजी है लेकिन टेंडर से पहले दिए जाने वाला वर्क कोड नहीं मिल सका है। जिसके चलते निर्माण लंबित है।

■ 6 बार भेजा जा चुका है प्रस्ताव व स्टीमेट

गर्मी आते ही जिले में लगातार आगजनी की घटनाएं बढ़ चुकी है। पीडब्ल्यूडी द्वारा फायर स्टेशन प्रस्तावित है लेकिन 4 सालों से निर्माण कार्य फाइलों से बाहर नहीं आ सके हैं। पहले जमीन की खोज, फिर बजट का रोना और अब टेंडर प्रक्रिया की लेटलतीफी के चलते निर्माण शुरू नहीं हो सका है। दरअसल 3 साल पहले निगम ने पीडब्ल्यूडी को पंप हाउस के पास जमीन उपलब्ध कराई थी, लेकिन यह दलदली होने की वजह से विभाग को दूसरा प्रपोजल बनाकर शासन के पास रिवाइज स्टीमेट भेजा गया। जहां से मंजूरी के लिए प्रस्ताव आने में ही 1 साल का समय बीत गया। इसके बाद पंप हाउस की दूसरी ओर फायर स्टेशन का प्रस्ताव दिया गया, यहां की सॉव्इल टेस्ट कराई गई और पीडब्ल्डी ने यहां निर्माण की अनुमति ले ली। प्रक्रिया पूरी कर ली गई है लेकिन टेंडर वर्क कोड के लिए उच्च कार्यालय में फाईल पेंडिग है जिसके चलते निर्माण शुरू नहीं कराया जा रहा है।



नगर निगम पंप हाउस स्थित वह जमीन जहां बनेगा फायर स्टेशन।

### करोड़ों की लागत से होगा निर्माण

लोक निर्माण विभाग को 1 करोड़ 33 लाख रुपए की राशि फायर स्टेशन बनाने के लिए मिल चुकी है। आखिरकार विभाग द्वारा राफ्ट फाउंडेशन का दूसरा प्रस्ताव बनाया गया, जिससे उसकी लागत 1 करोड़ 33 लाख रुपए से बढ़कर 2करोड़ रुपए की हो गई। पीडब्ल्यूडी को 1 करोड़ 58 की तकनीकी स्वीकृति मिल सकी है। इस राशि से फायर बेस शेड, कर्मचारी कार्यालय, स्टोर रूम, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कार्य कराए जाने है।

### प्रक्रिया पूरी कर ली गई है

प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, इसी माह के अंत तक टेंडर पूरा कराया जा सकता है। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से फायर स्टेशन बनाया जाएगा।

-केपी संत, अधीक्षण यंत्री, पीडब्ल्यूडी

# सीयू में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने छात्रों का लिया बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएसएस कैंप में नमाज पढ़ाए जाने मामले में गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी द्वारा गठित तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने गुरूवार को एनएसएस के छात्र-छात्राओं को बुलवाकर पूछताछ की। छात्र-छात्राओं को प्रश्नोत्तरी के रूप में लिखित में उनका बयान भी लिया गया है। इसके बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंपेगी।

■ एनएसएस कैंप में नमाज पढ़ाने का मामला

गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी के 159 छात्र-छात्राओं को एनएसएस कैंप में शिवतराई ले जाया गया था। कैंप में सुबह-सुबह योगा के समय नमाज पढ़ाई गई। इस मुद्दे को लेकर छात्रों द्वारा यूनिवर्सिटी एवं कोनी थाना में शिकायत की गई है। यह मामला काफी तूल पकड़ लिया है और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित हिन्दू संगठन द्वारा बुधवार के सेंट्रल यूनिवर्सिटी में करीब 6 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया गया। छात्रों द्वारा नमाज मामले में कार्रवाई की मांग की जा रही है। यूनिवर्सिटी की ओर से एनएसएस समन्वय प्रो. दिलीप झा को समन्वयक पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा जितने भी एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर थे उन्हें भी हटा दिया गया है। यूनिवर्सिटी ने इस मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। इस कमेटी को 48 घंटे के भीतर जांच कर रिपोर्ट देना है, इसलिए कमेटी द्वारा आज इस मामले में जांच के लिए उन छात्र-छात्राओं को बुलवाया गया था जो एनएसएस कैंप में शामिल थे, उनसे कैंप की गतिविधियों के बारे पूछताछ की गई, साथ ही छात्रों को लिखित प्रश्नोत्तरी दिया गया, जिसमें पूरी जानकारी उनसे ली गई है।

# 211 लीटर शराब और 33 सौ किलो महुआ जब्त



घुटकू व बेलटुकरी में जब्त की गई शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर व कोटा क्षेत्र में लगातार आबकारी विभाग अवैध शराब पर कार्रवाई कर रहा है। गुरूवार को घुटकू और बेलटुकरी में विभाग ने दबिश दी। 2 मामले बना 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान विभाग ने 211 लीटर महुआ शराब और 215 डिब्बों में भरा 33 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है।

■ आबकारी विभाग की दबिश

सूत्रों के अनुसार इस दौरान गनियारी के खेत में 203 लीटर महुआ शराब और 33 किलो महुआ लहान लावारिस हालत में मिला है। इस दौरान कोटा गनियार के पुनिता बाई वर्मा के घर से 8 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है। खास बात यह है कि विभाग द्वारा लगातार 3 दिनों से कार्रवाई की जा रही है। ग्राम गनियारी के 9 स्थानों सत्यवती वर्मा, कुंवरिया वर्मा, पुष्पा वर्मा, रतवाई वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, सिद्धांत वर्मा, जानू वर्मा, मंगलीन बाई वर्मा, शिव वर्मा के घर में दबिश दी गई है। साथ ही ग्राम बेलटुकरी में संदीप वर्मा, आदिप वर्मा, दुर्गा बाई वर्मा तथा घुटकू में केसर लोनीया, धनीराम लोनिया के घर आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई । इस कार्रवाई में सहायक आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर, छबीलाल पटेल, धर्मेंद्र शुक्ला, रमेश दुबे, भूपेंद्र जामरे, आरक्षक सुभाष तिवारी अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक सिग्नल लाइट से टकराई बस मचा हंगामा, चालक फरार, लगी भीड़



इंदू चौक पर खड़ी दुर्घटनाग्रस्त बस।

**बिलासपुर।** गुरुवार की दोपहर इंदु चौक पर एक बस अनियंत्रित होकर ट्रैफिक सिग्नल लाइट के पोल से टकरा गई, इससे पोल के साथ बस तो क्षतिग्रस्त हुई ही, बस की चपेट में आकर एक स्कूटी सवार युवती भी घायल हो गई। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

गुरुवार की दोपहर इंदु चौक पर लोगों की आवाजाही जारी थी, व्यस्त चौराहे पर सुबह एक बस क्रमांक 11 बजे सीजी 10 जी 5551 मगरपारा की ओर से आ रही थी, इस बस में सवारियां बैठी थीं, चालक की लापरवाही से बस अनियंत्रित होकर चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नल लाइट से टकरा गई, बस की चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। अचानक हुई दुर्घटना से चौराहे पर हंगामा मच गया और



बस की चपेट में आई स्कूटी।

लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। दुर्घटना होते ही चालक बस से उतरकर भाग गया और सवारियों में भी हड़कंप मच गया। बस की सवारियां उतरकर जाने लगीं। चौक पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया और लोग परेशान होने लगे। काफी देर बाद बस को किनारे कर यातायात सामान्य किया गया।

## युवकों से मारपीट कर जलाई बाइक, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दो दिन पूर्व दो युवकों से मारपीट कर बाइक जलाने वाले फरार गुण्डा बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं उसके अन्य साथी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।



कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया कि 15 अप्रैल को टिकरापारा निवासी आदर्श मिरी, ऋषभ मिरी गोलबाजार से घूमते हुए घर जा रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले में गुण्डा बदमाश अंकुश यादव व उसके साथ रोके और अश्लील गलौज करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट कर दी थी, जिससे दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग गए थे। परिचित मो. रेहान खान ने आरोप लगाया है बदमाशों ने उनकी बाइक व अन्य दो बाइक को आग लगाकर जला दी थी। पुलिस ने आदर्श मिरी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 351, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। दो दिन बाद 17 अप्रैल को पुलिस ने हमलावर गुण्डा बदमाश अंकुश यादव को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ पृथक से गैर जमानती धारा जोड़ी गई है। ज्ञात हो कि पूर्व में आरोपी अंकुश यादव के खिलाफ थाने से जिलाबदर करने का प्रस्ताव कलेक्टोरेट में भेजा गया है। वहीं उसके अन्य साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।

**आक्रोशित लोगों ने की शराबी ड्राइवर की जमकर की पिटाई**

## ट्रैक्टर चालक ने महिला को कुचला गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे में बिना हेडलाइट के ट्रैक्टर ड्राइवर ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए महिला को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर को पकड़कर जमकर पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।



■ आरोपी गिरफ्तार

बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया कि बुधवार की रात ग्राम बरभाठा में एक ग्रामीण के यहां शादी का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें महिलाएं एकत्रित होकर नाच-गाना कर रहीं थीं। नाचने के दौरान थक जाने पर तिल बाई सड़क की दूसरी ओर पानी टंकी में पानी पीकर सड़क बैठी हुई थी। इसी दौरान ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू, 4129 के ड्राइवर बहेरामुड़ा निवासी राजू बैगा पिता अमोल बैगा 36 साल शराब पीकर नशे में बिना हेडलाइट के ट्रैक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तिल बाई के उपर चढ़ा दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद शादी घर में कोहराम मच गया और ग्रामीणों ने ड्राइवर को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा ड्राइवर का डाक्टरी मुलाहिजा कराने पर डाक्टर ने ड्राईवर के शराब पीने की पुष्टि की। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 व 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैक्टर जब्त कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## गर्लफ्रेंड से परेशान होकर युवक ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** शादी होने के बाद गर्लफ्रेंड से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ युवती सहित तीन गिरफ्तार

सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, जून 2021 में ग्राम झलफ निवासी विजय बंजारे ने सुसाइट नोट पर तीन लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट को जांच के लिए भेजा गया था। दो दिन पहले पुलिस को जांच रिपोर्ट मिली, जिसमें पुष्टि की गई कि सुसाइड नोट मृतक द्वारा लिखा गया है। श्री अनंत ने बताया, मृतक विजय बंजारे का अंकिता अनंत से प्रेम संबंध था। उसके बाद मृतक ने समाज के दूसरी युवती से शादी कर ली। उसके बाद अंकिता अनंत अपनी भाभी कोरबा निवासी सुभद्रा बंजारे, बिलासपुर निवासी राजा ठाकुर के साथ मिलकर मृतक के ससुर को फोन कर उसके संबंध में उल्टा सीधा बोलने लगे। इससे त्रस्त होकर उसने आत्महत्या की थी। अंकिता अनंत की शादी जांजगीर रसोटा में हुई थी। पुलिस ने जांजगीर, कोरबा, बिलासपुर में दबिश देकर तीनों को पकड़ा है। पुलिस ने धारा 306 के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक 04 जून 2025 26 जुलाई 2025 13 अगस्त 2025 10 सितंबर 2025 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### गुनापुर में ग्राम सभा का आयोजन, विकास पर हुई चर्चा



**लोरमी।** ग्राम पंचायत ढोलगी के आश्रित ग्राम गुनापुर में प्रशासकीय आदेश के तहत मंगलवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के विकास के लिए जरूरी विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान गांव के लोगों ने गांव की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की एवं अन्य जरूरी विषयो पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सरपंच रोहित गंधर्व, रघुनाथ राठौर, पंच दुर्गेश यादव, आशा बैगा, आकाश कोशले, सत्यनारायण राजपूत, लक्ष्मीनारायण राजपूत, पुरषोत्तम यादव, दीपक निषाद, किशन कश्यप, मनहरण ठाकुर, शिवप्रसाद कोसले, मेला कोल, शांति कश्यप, शांति ध्रुव, सुरजा साहू सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नेशनल ह्यूमिनिटी अवार्ड कार्यक्रम के लिए घनश्याम का चयन

**तखतपुर।** तखतपुर के रक्तवीर घनश्याम श्रीवास का चयन गंगा नगर राजस्थान में होने वाले नेशनल ह्यूमिनिटी अवार्ड कार्यक्रम के लिए किया गया है। रक्तदान के लिए कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन हेल्प इंडिया फाउंडेशन के संचालक मंडल ने श्रीवास के द्वारा छत्तीसगढ़ मे किए जा रहे उत्कृष्ट रक्तदान कार्यों के लिए उन्हें चुना है। ज्ञात हो कि घनश्याम श्रीवास छत्तीसगढ़ में रक्तवीर के नाम से प्रसिद्ध हैं। उनके संगठन द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। वे अब तक 30 से ज्यादा बार रक्तदान कर चुके है। वे स्वयं भी रक्तदान करते है और हजारों युवाओं के रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं।



### हाई मास्ट लाइट से जगमगाएगा ज्योतिपुर चौक, मिलेगी सुविधा



**गौरेला।** नगर पालिका गौरेला के वार्ड क्रमांक 10 ज्योतिपुर में जल्द ही हाई मस्ट लाइट लगाई जाएगी, जिसका भूमिपूजन गौरेला नपा के अध्यक्ष मुकेश दुबे और उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ने बताया कि नगर में 3 स्थानों पर हाई मस्ट लाइट लगेगी, जिसका भूमि पूजन किया गया है। साथ ही अन्य स्थानों से आने वाली मांगों को पूरा करने का हमारा प्रयास रहेगा। इस अवसर पर पार्षद रियाज अहमद, पार्षद अविनाश टुडू, भाजपा नेता तापस शर्मा, शिव शर्मा, राखी सिंह गहलोत, रमा राठौर, मनोरमा गुप्ता, ठेकेदार संतोष विश्वकर्मा, खुन्नू ठाकुर, शैलेश मसीह, प्रवीर तिमोथी, राजेंद्र सूर्यवंशी, अमृत सूर्यवंशी, कैलाश सोनी, गुलजारिन बाई सहित वार्डवासी लोग मौजूद रहे।

### युकां जिलाध्यक्ष का इस्तीफा अस्वीकार, पद पर बने रहेंगे

**पेंड्रा।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर अमन शर्मा की वापसी हो गई है। कुछ महीने पहले उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, संगठन ने अस्वीकार कर दिया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेश पर यह निर्णय लिया गया है। अमन शर्मा ने कहा कि उनकी पहचान कांग्रेस से है, वे पहले भी कांग्रेस के साथ थे और आज भी हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष के इस समय में कांग्रेस का साथ देना उनका सौभाग्य है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत और जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने उन्हें मार्गदर्शन दिया। अमन शर्मा ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने कुछ समय के लिए अपने दायित्वों से दूर रहने पर खेद व्यक्त किया।



### जल समस्या को लेकर नपा अध्यक्ष और सीएमओ को आवेदन



**तखतपुर।** पानी की समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 8 के निवासियों ने नपा अध्यक्ष और सीएमओ को आवेदन देकर पानी की समस्या दूर करने की मांग की है। वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद कैलाश देवांगन के नेतृत्व में वार्डवासियों ने सीएमओ को आवेदन देकर बाताया कि शिव चौवरा के बोर का पम्प खराब होने से लोगों को पानी की भारी दिक्कत हो रही है। साथ ही पटवा गली, विश्वकर्मा मोहल्ला, कालीबाड़ी की ओर जाने वाली पाइपलाइन से मोहल्ले वालों को पानी नहीं मिल पा रहा है, इसके कारण वार्डवासी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। साथ ही शिव चौवरा के मोटर पंप को दो दिन के भीतर ठीक नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। आवेदन देते समय सालिक सोनी, रामकुमार गुप्ता, श्याम सोनी, मुन्नी पाटकर, रामकुमार देवांगन, रोहिणी, हरिशंकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विधायक ने सरपंच संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# सरपंचों से सीधे मिल सकेंगे लोग: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सरपंच संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक धर्मजीत सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और शासकीय योजनाओं के संचालन का दायित्व पंचायतों को होता है।

पंचायत में सबसे प्रमुख जवाबदारी सरपंच की होती है, गांव का विकास किस तरह से किया जाए, शासन की योजनाओं का लाभ हितग्रहियों को कैसे दिलाया जाए एवं शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जवाबदारी सरपंच की होती है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में लोग सरपंच की बातों को गंभीरता के साथ लोग सुनते हैं। चूंकि वे ग्रामीणों के लिए सबसे स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधि होते हैं इसलिए सरपंचों को प्रति लोगों को काफी अपेक्षा भी रहती है। आज हम सभी सरपंच संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित हैं। मैं सभी को यह आश्वस्त करूंगा की गांव के विकास कार्य एवं किसी भी समस्या के लिए सरपंच से सीधे मिल सकते हैं, आपकी समस्याओं के निराकरण का पूरा प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि सरंपचों की जनपद स्तर पर जो भी समस्या होगी उसका हम सभी मिलकर हल करने का प्रयास करेंगे। उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हम सभी का दायित्व है ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना, यह दायित्व हम सरपंचों के साथ मिलकर पूरा करेंगे। संतोष कौशिक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कार्य होता है कि अपने क्षेत्र के लोगों की समस्या का निराकरण करना और उन्हें शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी व लाभ की जानकारी देना।




कार्यक्रम में सरपंचों को शपथ दिलाते विधायक धर्मजीत।

**जनता की सेवा प्रमुख उद्देश्य**

सरपंच संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अध्यक्ष श्यामसुंदर कश्यप ने कहा कि बहुत उम्मीद के साथ मतदाताओं ने हमें अपने गांव का प्रतिनिधि चुना है। हमारा भी दायित्व बनता है कि हम उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए गांव के विकास के लिए काम करें। पिछले तीन कार्यकाल से मतदाताओं ने मुझे अपने गांव का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है, अब मेरा दायित्व गांव के साथ पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र का है, यह दायित्व सभी के सहयोग से पूरा हो सकेगा।

कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कौशिक एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी सरपंच संघ अध्यक्ष लक्ष्मी खांडे ने किया। इस अवसर पर संतोष कौशिक, माधवी वस्त्रकार, राकेश तिवारी, लक्ष्मी खाण्डेय, गीता बंजारे, ओंकार प्रसाद सिंगरौल, ऋषिमुनी पटेल, किरण वस्त्रकार, रंजना आशीष कोलाम, ललिता बाई जायसवाल, बलराम पोर्ते, राधा वर्मा, पुनीता नंदनी मरावी, सत्यवती घृतलहरे, मुंजन साहू, कुंजबिहारी ध्रुव, संजय कुमार कौशिक, प्रदीप कुमार सूर्यवंशी, सुभद्रा कौशिक, सुनीता चेलकर, सतरूपा मरावी, हरदेव कश्यप, प्रेम कुमार भास्कर, रामकुमार यादव, बल्दाऊ सिंह ध्रुव, घनश्याम कौशिक, लाला राम पात्रे, अम्बिका जायसवाल, अंजनी धूलिया, भीषम सिंह कश्यप, अनिता केंवट, चमेली सूर्यवंशी, मीना दिवाकर, उदेराम कौशिक, संतोष साहू, नरेश खुंटे, राजकुमार साहू, पूजा टण्डन, मोती मरावी, शशी बंजारे, पूजा बरेठ, शिव कुमारी धुरी, नीलू बाई कश्यप, सहोरिक राम, साधना साहू, नरगिस पटेल, राजू खाण्डे, कुंती बाई सूर्यवंशी, सत्यभामा साहू, मधु कौशिक, पिंकी सोनसाय दास, अमिता कौशिक, प्रवीण कौशिक, रामकुमार कौशिक, मोंगरा बाई, पूजा कौशिक, राधिका कौशिक, प्यारी बाई मेहर, प्रमिला भूषण, सुखचंद पटेल, सुमित्रा साहू, पत्रिका बाई, किरण यादव, उषा कश्यप, सागर गोस्वामी, रूपेश कश्यप, दुर्गेश यादव, अनिल खुंटे, विनोद कश्यप, नरेश रजक, जलेश्वर कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।



जिला पंचायत में निर्वाचित सभापति।

## जिपं स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापति का चुनाव

**मुंगेली।** जिला पंचायत स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापति का निर्वाचन जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया एवं सभापति एवं सदस्यों का निर्वाचन संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 8 समितियों का गठन किया गया, जिसमें 5 स्थायी एवं 3 अतिरिक्त समिति शामिल हैं।

जिला पंचायत सभापति के चुनाव में कुछ सदस्यों के चेहरे में उत्साह तो कुछ सदस्यों के चेहरे में मायूसी नजर आई। जिला पंचायत में स्थायी समिति के सभापति एवं सदस्यों का निर्वाचन 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में सामान्य प्रशासन स्थायी समिति में सभापति जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय एवं सदस्य शांति देवचरण भास्कर, उमाशंकर साहू, अंबालिका साहू, अनिता कोमल साहू, समुंदसिंद्राम, रत्ना संजय काठले, अनिला देवेंद्र राजपूत बनाये गए। कृषि स्थायी समिति सभापति उमाशंकर साहू, सदस्य कुंती जायसवाल, लक्ष्मीकांत भास्कर, अंबालिका साहू, शिक्षा स्थायी समिति पदेन सभापति जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, सदस्य समुंदसिंद्राम, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, संचार एवं संकर्म स्थायी समिति अध्यक्ष अंबालिका साहू, सदस्य उमाशंकर साहू, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति सभापति अनिता कोमल साहू, सदस्य अनिला देवेंद्र राजपूत, रत्ना संजय काठले, वन स्थायी समिति सभापति समुंदसिंद्राम, सदस्य अनिता कोमल साहू, रत्ना संजय काठले, अनिला देवेंद्र राजपूत, खनिज एवं राजस्व स्थायी समिति सभापति रत्ना संजय काठले, सदस्य अंबालिका साहू, सदस्य कुंती उदय जायसवाल, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थायी समिति सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, सदस्य अनिता कोमल साहू, सदस्य उमाशंकर साहू, सदस्य संतोषी परमेश्वर ठाकुर को बनाया गया है।

## पोषण शक्ति योजना के तहत कुकिंग प्रतियोगिता




**पेंड्रा।** विकास खंड पेंड्रा मे 16 अप्रैल को विखं शिक्षा अधिकारी आरएन चंद्रा और विखं स्रोत समन्वयक आरके बघेल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुडकई से मां नर्मदा स्वसहायता समूह की रसोइया रामेश्वरी और रामकुवर, द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला बालक नवागांव से जय मां काली स्वसहायता समूह की रसोइया चंद्रकला, चंपाबाई एवं तृतीय स्थान प्राथमिक शाला भाड़ी मां महामाया स्वसहायता समूह के रसोइया देव सिंह, सरिता ओट्टी ने प्राप्त किया। विकास खंड पेंड्रा की ओर से प्रथम पुरस्कार 3 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 हजार रूपए प्रदान किया गया। साथ ही चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त करने वालों को 5 सौ रूपए नगद दिया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरएन चंद्रा ने सभी को अपनी शाला में गुणवत्ता युक्त स्वच्छता आधारित पौष्टिक भोजन बच्चो को देने के लिए प्रेरित किया, साथ ही शासन की महत्त्वाकांक्षी पोषण शक्ति योजना अंतर्गत न्योता भोज को बढ़ावा देने की बात कही।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



**कोटा।** सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन वार्ड क्र 3 स्थित राहुल सिंह के निवास पर किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कथा का शुभारंभ विधिवत कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां मंत्रोच्चारण और पूजन के साथ कथा का प्रारंभ की गई। कथावाचक पंडित शिव शंकर मिश्रा ने सात दिनों तक श्रीकृष्ण की लीलाओं, जीवन चरित्र और श्रीमद्भागवत पुराण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करेंगे, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहेगा। कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कथा के शुभारंभ अवसर पर राहुल सिंह, दीपा सिंह, विमल यादव ,उर्मिला यादव ,संदीप साहू ,लक्ष्मीन साहू, मनीषा यादव आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों चुनाव, संजय बने अध्यक्ष



**लोरमी।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रथपाल, किडासचिव, सांस्कृतिक सचिव एवं कार्यकारणी सदस्य का चुनाव निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता अरुण कश्यप एवं वीके कश्यप ने संपन्न कराया, जिसमें संजय त्रिपाठी को अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में विनोद कश्यप उपाध्यक्ष, विनोद कुमार लहरे सचिव, किशन कुमार देवांगन सहसचिव, सुरेश सिंह क्षत्रिय कोषाध्यक्ष, भुनेश्वर प्रसाद कश्यप क्रीड़ा सचिव, मनोहर लाल साहू सांस्कृतिक सचिव, लुकचंद घृतलहरे को ग्रंथपाल पद की जिन्नेदारी दी गई। साथ ही कार्यकारणी सदस्य के रूप में दिनेश राजपूत, रवि शर्मा, राजकुमार साहू, जितेन्द्र पाटले, विवेक कुमार कश्यप, तेन सिंह मार्को को चुना गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के नए अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता संघ के प्रति ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक कार्य करने की बात कही।

## बेमेतरा विधायक ने डॉ बंजारा को किया सम्मानित



**मुंगेली।** ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी बेमेतरा द्वारा आयोजित संस्कृति व्यापार मेले समारोह में मुंगेली के डॉ मनीष बंजारा को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

बेमेतरा व्यापार मेले के मंच में विधायक दीपेश साहू एवं आयोजक समिति के सदस्यों ने उन्हों मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि दूसरे जिले में सम्मानित होकर डां मनीष बंजारा ने मुंगेली का गौरव बढ़ाया है। मुंगेली के व्यापार मेले में उन्हें मुंगेली जिला गौरव सम्मान से नवाजा गया था। डां बंजारा ने बताया कि अपने पेशे के साथ सहज जीवन जी कर मनुष्यता व मानवता को बढ़ाने के लिए हमारे जीवन का कोई न कोई योगदान होना चाहिए। उनका मानना है कि मेला आदिकाल से जीवन के सफर में रहा है, लेकिन आज मेले का स्वरूप बदल कर विकसित हुआ है। यह संस्कृति का पहचान बतलाता है और लोगों को नई चीजों से अवगत कराते हुए स्थानीय उत्पाद को मेले के माध्यम से परिचत कराते हुए स्थानीय उद्योग को अवसर प्रदान कराता है।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष ने किया स्थाई समिति का गठन



**लोरमी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह नेतृत्व में 16 अप्रेल को जनपद पंचायत की स्थाई समिति का विस्तार कर सभापतियों की नियुक्ति की गई एवं पदाधिकारियों को अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारी दी गई। कृषि समिति का सभापति विद्यानंद चंद्रावर को बनाया गया, जिसके सदस्य सुरजीत भार्गव, रेखा साहू, सरस्वती कमल राजपूत, डुमेश्वरी बघेल हैं। इसी क्रम में शिक्षा समिति का सभापति राजेन्द्र कुमार साहू बने एवं समिति के सदस्य सुरजीत भार्गव, नोगेन्द्र कुमार, बेदराम पटेल, सरस्वती सुरेन्द्र मरावी को बनाया गया। संचार एंव संवर्ग समिति की सभापति कंतनी मदन चन्द्राकर एवं सदस्य के रूप में चंपा साहू, रेखा साहू, नोगेन्द्र कुमार, कुभेश्वरी धर्मेन्द्र बघेल, सरस्वती कमल राजपूत की नियुक्ति की गई। सहकारिता एवं उद्योग समिति के सभापति मूलचंद डाहिरे एवं सदस्य रानी दीदी देवा मार्के, पूर्णिमा फागुराम साहू, रामदुलारी परत उत्तम साहू, आदित्य ध्रुव बनाए गए। महिला एवं बाल कल्याण समिति की सभापति रामदुलारी परस सभापति एवं सदस्य सरस्वती सुरेन्द्र मरावी, हरिशंकर कश्यप, नोगेन्द्र कुमार, बेदराम पटेल, रेखा साहू को बनाया गया। इसी तरह वन समिति के सभापति आदित्य ध्रुव को बनाया गया एवं सदस्य के रूप में रुखमणी रमेश बिंझवार, सरस्वती सुरेन्द्र मरावी, हरिशंकर कश्यप, बबिता नरेन्द्रपाल को रखा गया। आवास एवं पर्यावरण समिति के सभापति बबिता नरेन्द्र पाल बंजारा को बनाया गया एवं सदस्य पूर्णिमा फागुराम साहू, रानी दीदी देवा मार्ने, सरस्वती कमल राजपूत, उमेश्वरी धर्मेन्द्र बघेल को बनाया गया। स्वच्छता समिति का सभापति बेदराम पटेल एवं सदस्य चंपा प्रदीप साहू, रुखमणी रमेश बिंझवार, रानी दीदी देवा मार्को, सुरजीत भार्गव को बनाया गया।

## मित्रता कृष्ण और सुदामा जैसी होनी चाहिए: रामदेव



**लोरमी।** पूर्व जनपद अध्यक्ष खुशबू आदित्य नंद किशोर वैष्णव के निज निवास पर आयोजित संगीतमय भागवत कथा में कथा वाचक पंडित रामदेव चतुर्वेदी आठवें दिन की कथा कही। कथा में रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए पं रामदेव चतुर्वेदी ने कहा कि मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी होनी चाहिए।

मित्रता स्वार्थ से परे होनी चाहिए, जो मुसीबत में सहायता करे वही सच्चा मित्र होता है। सुदामा श्रापित चने को खाकर स्वयं दरिद्र हो गए, लेकिन उन्होंने अपने मित्र कृष्ण को श्रापित चने नहीं खाने दिया। इस तरह उन्होंने भगवान कृष्ण को दरिद्र होने से बचा कर अपनी सच्ची मित्रता की मिशाल पेश की। सुदामा ने द्वारिका पुरी आगमन पर भगवान कृष्ण ने अपने आंसुओं से से सुदामा के पैर धोए। इस अवसर पर उपमुख्य मंत्री अरूण साव भागवत कथा में शामिल हुए एवं कथा का श्रवण कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। साथ ही भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने भी कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर खुशबू आदित्य वैष्णव, नंदकिशोर वैष्णव, चंद्र किशोर वैष्णव, प्रकाश वैष्णव, श्याम किशोर वैष्णव, सुरेश अग्रवाल, आकाश वैष्णव साहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

# कोटमीखुर्द में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

**गौरेला।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप गौरेला की ग्राम पंचायत कोटमीखुर्द में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। विधायक प्रणव मरपच्ची, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया।

उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने आमजनों से चर्चा कर उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 5 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही त्वरित रूप से निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकता के अनुसार दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया। कृषि विभाग के स्टॉल में 4 किसानों को हैंड स्पीयर व उद्यानिकी विभाग द्वारा बीज एवं जैविक खाद का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत सात गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और पांच शिशुवती महिलाओं के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। परिवहन विभाग के स्टॉल में ड्रायविंग लायसेंस बनाया गया। शिविर में सभी जिला अधिकारियों ने बारी-बारी से विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी, जिसमें क्रेड़ा विभाग ने अक्षय ऊर्जा, सौर सुजला योजना, बायो गैस, सौर ऊर्जा के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड बनाने के बारे में बताया। विद्युत विभाग ने पीएम सूर्य घर योजना और बिजली बिल हाफ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन होने से इन योजनाओं का लाभ आसानी से लिया जा सकता है, जिसमें मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार योजना, मुख्यमंत्री निर्माण सुरक्षा उपकरण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक, किसान वृक्ष मित्र योजना, वन अधिकार पत्र, एक पेड़ मां के नाम के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह शिक्षा विभाग द्वारा निशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तक तथा आदिवासी विकास विभाग द्वारा आश्रम छात्रावास, भोजन सहाय योजना और वन अधिकार पट्टा के बारे में लोगों को बताया गया। विभागों द्वारा शिविर स्थल पर विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ ही जनसमस्याओं-मांगों का समाधान किया गया।




शिविर में मौजूद अफसर व जनप्रतिनिधि।

## जंगल ले जाकर युवती साथ दुष्कर्म, जांच में जुटी पुलिस



**लोरमी।** खुड़िया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिक से दुष्कर्म की घटना साने आई है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 अप्रेल को खुड़िया चौकी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने थाने शिकायत दर्ज कराई कि वनक्षेत्र में 14 अप्रैल को उसकी नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया।

पुलिस ने शिकायत पर बीएनएस की धारा 65(1) 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में जानकारी दी गई कि 14 अप्रैल की रात खाना खाने के बाद उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री दूसरे कमरे में टीवी देख रही थी एवं थोड़ी देर बाद वह घर से गायब हो गई। परेशान परिजनों ने नाबालिग की सभी संभावित जगहों पर तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन 15 अप्रैल की सुबह नाबालिग बेहोशी की हालात में घर आई एवं परिजनों को अपने साथ हुई दुष्कर्म की घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसको जंगल में ले जाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस ने शिकायत पर बीएनएस की धारा 65(1) 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सत्येंद्र पूरी गोस्वामी, खुड़िया चौकी प्रभारी ने बताया कि पीड़िता का मां की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर, मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।